## विचार

सितारों तक पहुँचने की इच्छा महत्वाकांक्षी है। दिलों तक पहुँचने की इच्छा बुद्धिमानी है।

माया एंजेलो

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition


Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

पेज 4


वर्ष- 2 | अंक-333 | दिल्ली, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं- मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने किया प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन ''प्लास्टपैक 2025'' का शुभारंभ

## प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक ले रहे है हिस्सा



*कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सम्मेलन में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल ने स्वागत भाष । देते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित इस विशाल सम्मेलन में 400 से अधिक कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक, उत्पाद और नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस आयोजन में 2 हजार से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे है। एक्जीबिशन सेंटर को छह अलग अलग डोम में विभाजित किया गया है, जहां लाइव मशीनों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह सम्मेलन व्यापारियों और उद्यमियों के लिए तो एक मंच है ही, साथ ही छात्रों, शोधकर्ताओं और पर्यावर ाविदों के लिए भी एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करेगा।*

**यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं।**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई कीट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों को दूर करने के प्रयास होंगे। पर्यावरण की चिंता भी रखी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा दी जा रही है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रिजनल स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहें हैं। प्रदेश में अब तक 6 रिजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित हो चुकी है। इनके माध?यम से चार लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में आया है। इससे लगभग तीन लाख लोगों को रोजगा मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के बारे में ऐसा क्यों कहा कि जिसके बारे में हमें चिंतित होना चाहिए

**साल 2020 में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मुख्तार और अब्बास अंसारी सहित उसके बेटों के बंगले को बुलडोजर से ढहा दिया था।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लखनऊ के जियामऊ में उस विवादित स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिस पर गैंगस्टर-नेता रहे के बेटे अपने स्वामित्व का दावा कर रहे हैं। साल 2020 में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मुख्तार और अब्बास अंसारी सहित उसके बेटों के बंगले को बुलडोजर से ढहा दिया था। योगी सरकार पीएम आवास योजना के तहत विवादित स्थल पर फ्लैट बनाने की योजना बना रही है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के बारे में कड़ी टिप्पणी कर कहा कि वह उन हाईकोर्ट में है, जिसके बारे में हमें चिंतित होना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील पर गौर किया कि भूमि पर कब्जे से संबंधित याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष बार-बार सूचीबद्ध किया गया, लेकिन कोई अंतरिम रोक नहीं लगी। पिछले साल 21 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट से अंतरिम रोक संबंधी आवेदन पर जल्द से जल्द सुनवाई करने को कहा था। गुरुवार को जब मामला सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए आया, तब सिब्बल ने पीठ को बताया कि उसके आदेश के बावजूद मामले पर सुनवाई नहीं हुई है। बेंच ने कहा, कुछ हाई कोर्ट के बारे में हम कुछ नहीं कह सकते। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट उन हाईकोर्ट में से एक है, जिसके बारे में चिंतित होना चाहिए। निर्माण स्थल पर यथास्थिति बरकरार रखकर शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय को मामले की शीघ्र सुनवाई करने का निर्देश दिया। बेंच ने कहा, चूंकि हमने नोटिस जारी नहीं किया है और उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से कोई रिपोर्ट भी प्राप्त नहीं की है, इसलिए हम इस बारे में कोई राय व्यक्त करने के लिए इच्छुक नहीं हैं कि ऐसी कौन सी परिस्थितियां थीं, जिसमें याचिकाकर्ता की रिट याचिका पर पीठ ने गौर नहीं किया जबकि इस समय-समय पर सूचीबद्ध किया गया था। अदालत ने कहा कि याचिकाकताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राधिकारियों ने लखनऊ के जियामऊ गांव में स्थित प्लॉट संख्या 93 पर निर्माण कार्य शुरू कियास है, इसपर याचिकाकर्ता अपने स्वामित्व का दावा कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि अगर तीसरे पक्ष के अधिकार बनाए जाते हैं, तब इससे याचिकाकताओं को अपूरणीय क्षति हो सकती है।

## न्यूज. ब्रीफ

### पुलिस को असम की जगह नगालैंड ले गया गूगल मैप

गुवाहाटी। असम के जोरहाट पुलिस की 16 सदस्यों की टीम एक आरोपी को पकडने निकली और गूगल डायरेक्शन पर आगे बढ़ी। लेकिन रास्ता भटककर और नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई। यहां के लोगों ने पुलिस टीम को घुसपैठिया समझा और उन पर हमला कर दिया। इन लोगों को रातभर बंदी बनाए रखा। घटना मंगलवार की है।

### श्री तिरुपति मंदिर में दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के श्री तिरुपति मंदिर में बुधवार देर रात 9:30 बजे वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई थी। हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए हैं। दरअसल शुक्रवार से शुरू होने वाले 10 दिवसीय विशेष वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट बांटे जा रहे थे। मंदिर कमेटी ने 91 काउंटर खोले थे। इनमें करीब 4 हजार की भीड़ थी।

### आसाराम के जेल से बाहर आने की राह आसान नहीं

जोधपुर। आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से गुजरात के गांधीनगर रेप केस में 7 जनवरी को अंतरिम जमानत मिल गई। इसके बाद 8 जनवरी को राजस्थान हाईकोर्ट में भी एक याचिका लगाई गई। अब चर्चाएं हैं कि आसाराम शीर्ष अदालत से मिली राहत को आधार बनाएगा। इसी तर्क के साथ उसे जोधपुर में नाबालिग से रेप के मामले में भी बेल मिल सकती है। आसाराम जोधपुर में अपने ही आश्रम की नाबालिग के साथ यौन दुराचार का दोषी है और आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

### कोहरे में हाईवे पर 6 गाडियां भिड़ीं

मुरादाबाद। यूपी के 36 जिलों में कोहरा छाया है। सहारनपुर समेत कई शहरों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक पहुंच गई। मुरादाबाद में कोहरे से 6 गाडियां आपस में टकरा गईं। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कार पीछे से बस में घुस गई, फिर पीछे से पुलिस की गाड़ी समेत चार वाहन और टकरा गए। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। हादसा मुरादाबाद बाईपास के जीरो पॉइंट पर हुआ। बरेली में भी तेज रफ्तार कार नहर में गिर गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। पुलिस को बुलाया। कार सवार 4 युवकों को शीशा तोडकर बाहर निकाला गया।

18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में -मोदी बोले

# अप्रवासियों के दिल में धडकता है भारत



### भारत की सफलता आज दुनिया देख रही

उन्होंने कहा कि हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती हमारा जीवन ही इससे चलता है। इसलिए भारतीय जहां भी जाते हैं वहां की सोसाइटी से जुड़ जाते हैं। जहां जाते हैं वहां के रूल्स ट्रेडीशन की इज्जत करते हैं। देश की सेवा करते हैं। ग्रोथ में कंट्रीब्यूट करते हैं। इनके बीच हमारे दिल में भारत भी धडकता रहता है। हम भारत की हर खुशी में खुश होते हैं। उत्सव मनाते हैं।

**आप भविष्य में मेड इन इंडिया प्लेन से भारत आएंगे**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुए। मोदी ने कहा कि अप्रवासी जहां जाते हैं उसे अपना बना लेते हैं। इसके बावजूद उनके दिल में हमेशा भारत धडकता है। इसी के चलते दुनिया में मेरा सिर ऊंचा रहता है। पीएम ने आगे कहा कि, भारत मेड इन इंडिया फाइटर जेट बना रहा है। वो दिन दूर नहीं जब आप (अप्रवासी भारतीय) किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने आएंगे। इस कार्यक्रम को त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने भी वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए 70 देशों से 3 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं। यह सम्मेलन 10 जनवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डाइसपोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे खुशी होती है जब दुनिया में आप सभी साथियों से बात करता हूं।

### होमगार्ड जवान ने की पत्नी, बेटी और भतीजी की हत्या, आरोपी ने किया सरेंडर

बेंगलुरु। बेंगलुरु में एक होमगार्ड जवान ने जालाहल्ली क्रॉस पर अपनी पत्नी, बेटी और भतीजी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलने पर गश्ती टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और तीनों को मृत पाया, जिनके शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बेंगलुरु पूर्व के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया गश्ती टीम को सूचना मिली थी कि जालाहल्ली क्रॉस पर तीन शव पड़े हैं उसके तुरंत टीम घटनास्थल पर पहुंची और तीनों के शव बरामद किए। वहीं होमगार्ड जवान गंगाराजू को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 10 साल की सजा

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के पॉस्को न्यायालय संख्या एक ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। दिसंबर 2022 में यह मामला दर्ज हुआ था। दो साल के भीतर न्यायालय ने मामले में आरोपी को सजा सुनाई है। सरकारी अधिवक्ता विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पॉस्को न्यायालय संख्या एक के न्यायाधीश जोगेंद्र अग्रवाल ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पटौदी निवासी यतीन नाम के युवक को 10 साल की सजा सुनाई है। दिसंबर 2022 को बर्डोद निवासी एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराया गया कि सोशल मीडिया पर उसकी मुलाकात गुरुग्राम के पटौदी के रहने वाले यतीन नाम के लड़के से हुई थी।

# शंभू बॉर्डर पर किसान ने किया आत्महत्या

## खनौरी बॉर्डर पर गीजर फटने से आंदोलनकारी झुलसा, डल्लेवाल की हालत नाजुक


**चंडीगढ़।** शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में किसान ने सल्फास निगलकर आत्महत्या कर ली। किसानों के मुताबिक गुरुवार सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास खाई। जैसे ही इस बारे में पता चला तो उसे तुरंत मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उसे पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। किसान रेशम सिंह (55) तरनतारन जिले के पहूविंड का रहने वाला था। किसान नेता तेजबीर सिंह ने कहा कि रेशम शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की



तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी। उधर, खनौरी बॉर्डर पर गीजर फटने से एक किसान झुलस गया। उसे पटियाला के समाना अस्पताल में लाया गया है। वहीं दूसरी तरफ खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। गुरूवार उनके अनशन का 45वां दिन है। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर लगातार गिर रहा है। ऐसे में अब वह किसी से मुलाकात नहीं करेंगे।

## एचएमपीवी के देश में 11 केस

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। वहीं गुजरात के हिम्मतनगर में 8 साल के बच्चे की पॉजिटिव होने की बात कही जा रही है। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं। एचएमपीवी केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।



### छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले केजरीवाल, कहा

## प्रवेश वर्मा के घर हो रेड; खुलेआम बांट रहे 1100 रुपए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मिले और चिट्ठी सौंपी। चिी में उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के घर पर तुरंत रेड करने की बात कही है। केजरीवाल ने पत्र में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए। यूपी-बिहार से



लाकर बनाए जा रहे फर्जी वोटर चुनाव आयुक्त से मिलकर बाहर आने पर प्रेस से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा जॉब कार्ड बनवा रहे हैं। यूपी-बिहार से लोगों को लाकर फर्जी वोटर बनवाए जा रहे हैं। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 13 हजार नए वोटर कैसे बने, बहुत बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है।

चुनाव — दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों को लुभाने के लिए पार्टियों में मची होड़...राजनीतिक दलों ने निकाला सत्ता हथियाने का नया फॉमूर्ला

# महिलाओं को लुभाओ...सरकार बनाओ

## आप की महिला सम्मान, कांग्रेस की प्यारी दीदी ...अब भाजपा की योजना का इंतजार

### आप और कांग्रेस योजनाओं की कर चुकी हैं एलान

दिल्ली सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना शुरू की है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीते माह कहा था कि अगर फिर से आप की सरकारी बनती है तो महिलाओं को 1000 रुपये नहीं, बल्कि 2100 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, कांग्रेस की ओर से प्यारी दीदी योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। इसमें महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने की घोषणा की गई है। दूसरी तरफ भाजपा की ओर से अभी फिलहाल कोई योजना की घोषणा नहीं की गई है।

### 71,73,952 महिला गेम चेंजर

राजधानी में कुल मतदाताओं की संख्या 1.55 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जिसमें महिला मतदाताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, कुल 1,55,24,858 पंजीकृत मतदाताओं में 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। ऐसे में सभी पार्टियों का फोकस महिला मतदाताओं पर है। आम आदमी पार्टी तो पहले ही महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा कर चुकी है।



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मप्र, महाराष्ट्र और झारखंड के बाद अब दिल्ली में भी महिला वोटरों को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों में होड़ शुरू हो गई है। इसकी बड़ी वजह ये भी है कि हाल के वर्षों में वोटिंग करने वाली महिलाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए दिल्ली में भी अब राजनीतिक दलों ने महिला वोटरों को वोट बैंक के रूप में देखना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि तीनों ही दल महिला वोटरों के लिए अपनी योजनाओं पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली चुनाव में सभी दल मुफ्त योजना के रास्ते पर चल रहे हैं। आप की मुफ्त योजनाएं, जैसे मुफ्त बिजली, पानी, और बस यात्रा, इस बार भी चर्चा में है। आम आदमी पार्टी के बाद अब दूसरे दलों की तरफ से भी इस तरह की घोषणा होती रही है। भाजपा इसे रेवड़ी कल्चर कहते हैं और तर्क देते हैं कि ऐसी योजनाएं सरकारी खजाने पर भारी बोझ डालती हैं। दिल्ली के मतदाताओं को मुफ्त योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। आप की लोकप्रियता के पीछे इसे अहम फैक्टर माना जाता है। महिला मतों को लुभाकर पार्टियां सरकार भले ही बना लें पर जहां राज्य की अर्थव्यवस्था को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### 2020 में जीत का एक्स फैक्टर बनी थी महिलाएं

दिल्ली की राजनीति समझने वाले एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में महिलाओं की बड़ी मतदान दर ने ही आम आदमी पार्टी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में कुल 70 सीटों पर 62.59 फीसदी मतदान हुआ, जिसमें कुल पुरुष वोटरों के 62.66 और कुल महिला वोटरों के 62.52 फीसदी ने मतदान किया। आम आदमी पार्टी ने इसी गणित को देखते हुए वक्त-वक्त पर महिलाओं के लिए योजनाओं को लागू किया। आप की दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए बस यात्रा फ्री कर दी थी और इस बार उसने महिला सम्मान योजना का वादा कर दिया है। आप की इस कामयाबी के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक में ये फॉम्यूर्ला अपनाया और वहां उसने कामयाबी पायी। इसी तरह से भाजपा ने भी पहले मध्यप्रदेश और फिर महाराष्ट्र में जीत हासिल की। ये फैक्टर भी रहेंगे हावी बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे हमेशा दिल्ली के दिल में रहा है। दिल्ली की महिलाएं सुरक्षा के मामले में बेहद जागरूक हैं। आप ने महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा जैसी योजनाएं शुरू करके एक भरोसेमंद छवि बनाने की कोशिश की है। दिल्ली में वायु प्रदूषण हर साल गंभीर समस्या बनता है। स्मॉग, निर्माण कार्यों से धूल, और वाहनों का धुआं बड़े मुद्दे हैं।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा समापन

## मां करणी सेवा ग्रुप द्वारा प्रसादी का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के न्यू कॉलोनी स्थित मां दधिमति मंदिर में आयोजित संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। इस दौरान मां करणी सेवा ग्रुप द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया। दधिमति मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा संत शिवानंद पुरी महाराज के सानिध्य में शिवाकांत पांडेय ने कथा सुनाई। कथा के प्रमुख यजमान पुखराज प्रजापत बने। कथा का समापन मंगलवार को हो गया। वहीं बुधवार को मां करणी सेवा समूह द्वारा प्रसादी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व देश में खुशहाली की कामना को लेकर हवन किया गया जिसमें प्रमुख यजमान पुखराज प्रजापत, मालीराम प्रभुदयाल शर्मा, हस्तीमल दाधीच, प्रकाश ताडा, नंदकिशोर वैष्णव, बाबूलाल सहित कई जोड़ों ने पंडित केशव महाराज के मुखारविंद से वैदिक मंत्रौच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। इस दौरान छोटूलाल दाधीच, ललित करेसिया, राजू प्रजापत, रामकरण प्रजापत, मां करणी सेवा ग्रुप के मानवेंद्र सिंह राठौड़, राजेंद्र सिंह मेड़तिया, उपेंद्र सिंह घोड़ावट, राजेंद्रसिंह भाटी, सतीश अग्रवाल, मेघसिंह नरुका, अजीतसिंह, कुलदीप सिंह, देवीसिंह जालसु, गंगासिंह, अमित जैन, श्रवणसिंह शेखावत, सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मानव सेवा को नाम,लाभ,स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी समझकर करना चाहिए - डॉ.एस.सी.मित्तल

## मांगों को लेकर एन डब्ल्यू आर यू का विरोध प्रदर्शन ...

♦भारत टाइम्स♦



**अलवर/ राजेश गुप्ता।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के राजस्थान चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला जी के निदेर्शानुसार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा प्रेषित कम्बलों को राज्य शाखा द्वारा कम्बल निधि योजना के माध्यम से सर्दी के मौसम में राजकीय अस्पतालों में भर्ती मरीजो के परिजनों को दैनिक आधार पर निःशुल्क उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया था ! जिसके अंतर्गत गुरुवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान- राजकीय राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय, अलवर को 40 कम्बल एवं एक बडा लोहे का ट्रंक (बक्सा) इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ.एस.सी.मित्तल , सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के चेयरमैन गिरीश गुप्ता, संरक्षक हरीश कालरा, सहसचिव कुलदीप आर्य , प्रमिला गुप्ता, गोविन्द गोयल, सतीश गुप्ता, प्रवीण जी कार्यकारिणी सदस्यों ने उपलब्ध करवाए ! आवंटित कम्बलों को भर्ती मरीजो के परिजनों को दैनिक आधार पर निःशुल्क उपलब्ध करवाये जायेंगे ताकि इस भयंकर सर्दी के मौसम में परिजन खुद को ठण्ड से सुरक्षित रख सके 40 कम्बल देने के साथ साथ चेयरमैन डॉ.एस.सी.मित्तल ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की तरफ से एक बडा लोहे का ट्रंक (बक्सा) भी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान को उपलब्ध करवाया ताकि दिए गए कम्बल चूहों से सुरक्षित रहे और लम्बे समय तक काम आ सके ! कार्यक्रम के अन्त में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रेड क्रॉस वाकई में सच्ची मानव सेवा कर रही है और संस्थाओ को भी इसी तरह की सेवाओ में आगे आना चाहिए ! इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ.एस.सी.मित्तल ने कहा कि मानव सेवा को नाम,लाभ,स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी समझकर करना चाहिए साथ ही कहा कि दिल्ली हेड क्वाटर से बात करके जल्द ही कुछ ओर कम्बल मंगवाने की कोशिश की जायेगी।

# लायंस परिवार शादी डॉट कॉम एक लाभदायक सेवा साबित होगा- प्रांतपाल सुनील अरोड़ा

♦भारत टाइम्स♦



**अलवर/राजेश गुप्ता।** लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233-ई प्रथम के प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा ने लायंस क्लब के परिवारों के सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन को एक जिम्मेदारी समझते हुए आरम्भ किया लायंस परिवार शादी. कॉम ! रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता (रीजन 2 सांवरियाँ,डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1) ने जानकारी देते हुए बताया कि लायंस परिवारों में शादी योग्य लड़के और लड़कियों के लिए अच्छे रिश्ते की तलाश? के लिए एक विश्वसनीय प्लेटफार्म मिल पाना एक समाजिक समस्या हो गई है। इसी परेशानी को दूर? करने की परिकल्पना के तहत सदैव कुछ नया कर दिखाने का होंसला रखने वाले प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने नये साल की पहली तारीख को लायंस परिवार शादी डॉट कॉम को एक विशिष्ट सामाजिक एवं पारिवारिक सेवा गतिविधि के रूप में लांच कर दिया की है जिसके तुरंत बाद रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता सहित सभी रीजन चेयरपर्सन्स एवं इस गतिविधि से जुड़े साथियों के साथ जूम मीटिंग पर सफलता एवं कार्यान्वयन की रूपरेखा के लिए चर्चा की ! विशेष बात यह है कि इस ग्रुप में सिर्फ लायंस क्लब के सदस्य ही जुड़ कर विवाह योग्य लड़के व लड़कियों की प्रोफाइल साझा कर पाएंगे। सुनील अरोड़ा ने बताया कि इस एप्लिकेशन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों, जातियों धर्मों और विभिन्न पृष्ठभूमियों की पसंद के बायोडाटा साझा होने से पसंदीदा योग्य वर व वधू की खोज सरल हो जायेगी!एक वाट्सएप ग्रुप के मध्यम से लायंस सदस्यों को जोड़ कर बायोडेटा इक्कठे किए जा रहे है। प्रांत के समस्त रीजन चेयर पर्सन सहित लायन रमेश चड्ढा को भी इस मुहिम में संयोजक के रूप में एवं लायन आशीष अरोड़ा को प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी के साथ साथ कॉर्डिनेटर के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है! जूम मीटिंग में सभी ने प्रांतपाल महोदय को विश्वास दिलाया कि हम सभी साथी मिलकर इस नये प्रकल्प को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचा कर साबित कर देंगे कि हमारा लायंस प्रांत पीड़ित मानवता के लिए सेवायें देते हुए अपना सामाजिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्व वहन करने की भी सोच रखता है ! बहुत जल्दी ही समस्त जानकारी समाहित करने के लिए एक एप शेयर किया जायेगा ! डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर एमजेएफ ओपी मंगल ने बताया कि स्पेशल एक्जीक्यूटिव आफीसर पीएमजेएफ लायन रामकुमार गुप्ता द्वारा इस निशुल्क सेवा को सफल करने के लिए अपनी ओर से एक लाख इक्यावन हजार रुपए का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की है जिसका सदुपयोग इस विशेष सेवा गतिविधि के प्रचार प्रसार एवं प्रेरित करने के लिए किया जायेगा।

# गायों को लापसी खिलाकर मनाया जन्मदिन

## युवा उद्यमी भंवरिया ने गौशाला में सेवा कार्य के साथ मनाया जन्मदिन

♦भारत टाइम्स♦



**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे के रूप सुकून गौशाला में युवा उद्यमी वीरेंद्र भंवरिया ने गायों को लापसी खिलाकर अपना 27 वां जन्मदिन मनाया। जहां एक और युवा अपना जन्मदिन मंहगे होटल व रेस्तरां तथा पिकनिक स्पॉट पर जाकर मानते हैं वहीं दूसरी ओर बोरुंदा कस्बे के फांगलों की ढाणी के वीरेंद्र भंवरिया पुत्र दुगार्राम चौधरी ने अपना 27 वां जन्मदिन कस्बे में स्थित श्री रूप सुकून गौशाला में दो क्विंटल से अधिक लापसी बनाकर गायों को खिलाते हुए गौशाला में जन्मदिन मनाते हुए युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनें। इस दौरान जाट समाज के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल भंवरिया, सचिव रामचंद्र भंवरिया, रामनारायण भंवरिया, ताराचंद, हरेंद्र भंवरिया, ईश्वर खदाव, सुनील अडिंग, गणपत बेड़ा, चेतन अडिंग, गौशाला अध्यक्ष रिखबचंद कोठारी, आईदानराम भाटी, राजू गुर्जर व मुकेश कोठारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं वीरेंद्र भंवरिया ने बताया कि गौशाला में गौ सेवा करते हुए जन्मदिन मनाया।

# *दिल्ली की ओर रेलवे पार्सल लदान पर अस्थाई प्रतिबंध*

♦भारत टाइम्स♦

*__जोधपुर।__ रेलवे ने गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली और उसके आसपास के स्टेशनों के लिए 26 जनवरी तक पार्सल बुकिंग पर रोक लगा दी है। इस दौरान किसी भी प्रकार का पार्सल लेनदेन भी नहीं होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र में सभी स्टेशनों पर हर प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपीएस सहित) पर 23 से 26 जनवरी तक अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज, पैकिंग से मुक्त रहेंगे। सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (मांग वीपी सहित) सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति होगी।*

# शिक्षा विभाग ने किया मीटिंग का आयोजन

**विधायक सुखवंत सिंह की अध्यक्षता में सांसद खेल कूद प्रतियोगिता सहित अन्य बिंदुओं पर की गई चर्चा**

♦भारत टाइम्स♦




**गोविंदगढ़ /अलवर /राजेश गुप्ता।** गोविंदगढ़ कस्बे में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सांसद खेल कूद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा, वार्षिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी, गार्गी पुरस्कार के साथ शिक्षा विभाग के बिंदुओं पर सभी योजनाओं को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्य क्रम में सरस्वती पूजन किया गया तथा विधायक सुखवंत सिंह को ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने माला तथा गुलदस्ता देकर स्वागत किया। आज की मीटिंग में सभी ब्लॉकों में प्रधानाचार्यो सहित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्व जीत सिंह,उप ब्लाक शिक्षा अधिकारी अकबर खान प्रधानाचार्य घनश्याम गुप्ता धर्म पाल मीणा, राजेश कुमार वर्मा सहित सभी प्रधानाचार्य मौजूद रहे मंच संचालन प्रिंसिपल बुद्धा राम जयसिंह पुरा ने किया।

# रोडवेज बस पहुंची खेरवा गांव ग्रामीणों ने चालक व परिचालक का किया स्वागत...

♦भारत टाइम्स♦



**मारवाड़ जंक्शन (अजय सिंह तोमर)।** जोधपुर से वाया पाली खैरवा,देवगढ़ रोड़वेज बस के खैरवा आगमन पर खैरवा ग्रामीणों ने बस के चालक ओर कंडक्टर का स्वागत किया।खैरवा गांव के ग्रामीणों ने कहा मारवाड़ विधायक केसा राम चौधरी के अथक प्रयास से रोडवेज बस शुरू हो चुकी है जो कि देवगढ़ से (जोधपुर वाया ,देवली,जोजावर, धनला खैरवा) आज प्रथम बार खैरवा में बस आगमन पर खैरवा ग्रामीणों ने बस का जोरदार स्वागत किया। खैरवा नागरिक दिलीप सेन ने बताया की मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी के अथक प्रयास से यह सौगात मिली है। मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के खेरवा गांव को भी यह सौगात मिली है इस सौगात से खेरवा गांव के समस्त ग्रामीण जन विधायक केसाराम चौधरी का आभार जताते हैं।

# अज्ञात वाहन से टकराई बाइक तीन युवक गंभीर रूप से घायल ...

## जिला अस्पताल रैफर ...




♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजय सिंह तोमर)।** मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती जलूंदा व आऊवा देवली के बीच बाइक एवं अज्ञात वाहन की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जोजावर की 108 पायलट मनजीत ईएमटी उदयलाल मीणा घायलों को राजकीय समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मारवाड़ जंक्शन लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक प्रकाश ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तथाकथित खबर है कि रमेश पुत्र कानाराम, मांगीलाल पुत्र राजू नाथ ,दिनेश पुत्र पारस अपनी बाइक से आ रहे थे तभी अचानक हनुमान मंदिर मोड़ पर सामने से आ रहा अज्ञात वाहन से टकरा गए जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# *भोपालगढ़ के देवड़ा का अभिनंदन किया*

♦भारत टाइम्स♦

*__बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।__ बोरुंदा माली समाज के अध्यक्ष बक्साराम कच्छावाह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी पार्टी या समाज की संस्था का अध्यक्ष बनकर समाज व देश की सेवा करते हुए सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ता है उसका मान सम्मान करना चाहिए। कच्छावा भोपालगढ़ के देवड़ा का बोरुंदा आगमन पर अभिनंदन किया जिसमें भोपालगढ़ कांग्रेस ब्लॉक के नव नियुक्त अध्यक्ष जयप्रकाश देवड़ा का माला व साफा पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान माली समाज अध्यक्ष बक्साराम कच्छावाह, भोपालगढ़ पूर्व माली समाज अध्यक्ष हुकमाराम देवड़ा, गणेश पचार, नरेंद्र टाक, रामभरोस चश्माघर के महेन्द्र देवड़ा व अन्य लोग मौजूद रहे।*

आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147

9799911545

# कृष्णां कंवर का राजस्थान बास्केटबॉल टीम में हुआ चयन ...

## खैरवा की बेटी तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी....

♦भारत टाइम्स♦






**मारवाड़ जंक्शन (अजय सिंह तोमर)।** जिले के खैरवा गांव से पहली बार किसी छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से गांव और विधालय में खुशी का माहौल है। चयनित कृष्णा कंवर पुत्री भगवत सिंह राणावत का 17 वर्ष बास्केटबॉल राजस्थान टीम में चयन हुआ है। बास्केटबॉल के राजस्थान कि टीम में इस साल अंतिम 12 कि लिस्ट में पाली जिले से भी यह एकमात्र खिलाड़ी निकलीं है जो राजस्थान की टीम में शामिल हुई है। अब वो पाली जिले साथ अपने गांव का नाम भी रोशन करेंगी। खैरवा गांव से पहली बार किसी का राष्ट्रीय स्तर चयन होने से गांव व विधालय में दोहरी खुशी का माहौल है। शारीरिक शिक्षक मोहम्मद जाहिद ने बताया कि कृष्णा कंवर पिछले कई सालों से कड़ी मेहनत करके आज वो अपने लक्ष्य तक पहुंची है। उसने पिछली बार भी अंतिम 20 कि लिस्ट में चयन हुआ था, मगर अंतिम 12 में नहीं हो सका था। लेकिन इस बार उसने साबित कर दिखाया कि वो एक उत्कृष्ट खिलाड़ी है ओर इसकी मेहनत ने ही इस मुकाम तक पहुंचने में उसके कोच सोहन खींची व महिपाल सिंह की मेहनत है। कोच सोहन खींची ने जानकारी देते हुए कहा कि कृष्णा कंवर 17 वर्ष बास्केटबॉल प्रतियोगिता राजस्थान टीम से अब वो तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय विधालय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ भाग लेंगी। इस मौके पर विधालय प्रार्चाय विजय शर्मा, शारीरिक शिक्षक मोहम्मद जाहिद, दिनेश जोशी, सरपंच संतोष कंवर भरतसिंह राणावत, अभिमन्यु सिंह भाटी, वजीर खान, कोच सोहन खींची व महिपाल सिंह सहित सभी ग्रामवासियों व विधालय परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# भीतर में जलती रहे पुरुषार्थ की लौ : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण ?

## वर्धमान महोत्सव के शिखर दिवस पर शांतिदूत ने चतुर्विध धर्मसंघ को दी पावन प्रेरणा

- साध्वीप्रमुखाजी ने भी जनता को किया उद्बोधित
- स्थानीय विधायक व मेयर सहित कई अन्य गणमान्यों ने आचार्यश्री से प्राप्त किया आशीर्वाद



♦भारत टाइम्स♦

**राजकोट (गुजरात)।** राजकोट में तेरापंथाधिराज, महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी के मंगल प्रवास का तीसरा और आखिरी दिन तथा तेरापंथ धर्मसंघ के वर्धमान महोत्सव के त्रिदिवसीय कार्यक्रम का भी शिखर दिवस। वर्धमान समवसरण में बने मंच पर निर्धारित समयानुसार युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी विराजमान हुए और उनके दोनों ओर साधु-साध्वियां विराजे तो ऐसा लगा कि तेरापंथ धर्मसंघ के महासूर्य की श्वेत रश्मियां चहुंओर प्रस्फुरित हो रही हों। आचार्यश्री के मंगल महामंत्रोच्चार से शिखर दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुनिवृंद ने इस अवसर पर गीत का संगान किया। वर्धमान महोत्सव के शिखर दिवस पर तेरापंथ धर्मसंघ की नवमी साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने जनता को प्रतिबोधित किया। तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने वर्धमान महोत्सव के शिखर दिवस पर समुपस्थित चतुर्विध धर्मसंघ को पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि वर्धमान होना अभीष्ट है। विकास की पराकाष्ठा तक आदमी न पहुंच जाए, तब तक उसे वर्धमान रहना चाहिए। वर्धमान रहने के लिए परिश्रमवान भी बने रहना चाहिए होता है। कोई वर्धमान होना तो चाहे, लेकिन परिश्रम न करे, आलस्य करने लगे तो भला उसकी क्या और कितनी वर्धमानता हो सकती है। आदमी जीवन में वर्धमान बने, उसका एक आधार है, उसका पुरुषार्थी होना। आलस्य तो मनुष्य का उसके शरीर में रहने वाला सबसे बड़ा शत्रु होता है और परिश्रम, उद्यम के समान कोई बंधु नहीं होता। पुरुषार्थ आदमी के लिए कर्त्तव्य है। भाग्य जैसा भी हो, आदमी को पुरुषार्थी बनने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को भाग्य की ज्यादा चिंता ही नहीं करनी चाहिए। चिंता अथवा चिंतन पुरुषार्थ करने का प्रयास करना चाहिए। भाग्य ज्ञातव्य तो हो सकता है, किन्तु कर्त्तव्य पुरुषार्थ ही होता है। आदमी को अपने जीवन में अच्छा पुरुषार्थ करने का प्रयास करना चाहिए। अच्छे बीज का वपन हो तो उसका कभी अच्छा फल भी प्राप्त हो सकता है। आदमी में परिश्रमशीलता होनी चाहिए। हमारे तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य आचार्यश्री भिक्षु स्वामी के जीवन को पढें तो उनके जीवन में पुरुषार्थ था। उनके जीवन के अंतिम चतुर्मास के श्रावण महीने में भी उनमें पुरुषार्थ बना रहा। वैसे समय में भी वे गोचरी जाने आदि का कार्य करते थे। वर्धमान बने रहने के लिए परिश्रम की आवश्यकता होती है। आचार्यश्री तुलसी के जीवन को देखें तो कितनी परिश्रमशीलता दिखाई देती है। उन्होंने अपने जीवनकाल में कितने प्रवचन, कितने साहित्य के लेखन आदि का पुरुषार्थपूर्ण कार्य किया। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने भी कितना पुरुषार्थ किया था। परिश्रम केवल शारीरिक परिश्रम ही नहीं, बौद्धिक परिश्रम भी बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। संगठन, संस्था के संचालन का कार्य भी पुरुषार्थ का है। हम सभी में पुरुषार्थ की लौ भी यथायोग्य रूप में जलती रहे, ऐसा प्रयास करना चाहिए। आगम कार्य तो काफी कुछ हो चुका है, आगम के कार्य को निर्धारित समयावधि से पूर्व सम्पन्न हो जाए, ऐसा प्रयास करना चाहिए। आगम संपादन कार्य और भिक्षु वाङ्य को समय से सम्पन्न करने को आचार्यश्री ने संबद्ध साधु-साध्वियों को उत्प्रेरित किया। आचार्यश्री ने साध्वीप्रमुखाजी, मुख्यमुनिश्री व साध्वीवयार्जी को भी विशेष आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्यश्री ने सभी केन्द्रीय संस्थाओं आदि में भी वर्धमानता के बने रहने का मंगल आशीष प्रदान किया। राजकोट के प्रवास के संदर्भ में कहा कि हमें राजकोट में प्रवास व कार्यक्रम के लिए इस आत्मीय युनिवर्सिटी का परिसर प्राप्त हुआ है। शिक्षा संस्थान से जुड़ा स्थान मिला हुआ है। स्वामी नारायण संप्रदाय से जुड़ा हुआ है। यह संस्थान भी खूब धार्मिक-आध्यात्मिक विकास करता रहे। आचार्यश्री ने वर्धमान महोत्सव के त्रिदिवसीय कार्यक्रम की सुसम्पन्नता की घोषणा की। राजकोट की विधायक श्रीमती दर्शिता शाह ने आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरान्त कहा कि परम श्रद्धेय, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी का राजकोट में पहली बार पावन पदार्पण हुआ है। हम सभी राजकोटवासियों का यह सौभाग्य है कि आचार्यश्री के साथ इतने साधु-साध्वीजी महाराज के दर्शन का लाभ भी प्राप्त हुआ है। आपकी वाणी का लाभ हम सभी को प्राप्त हो रहा है। समता व सद्भाव की प्रेरणा दे रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि आगे भी जब भी अनुकूलता हो, हमारे राजकोट को पुनः ऐसा सौभाग्य प्रदान करें। आचार्यश्री ने उन्हें मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। राजकोट-ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने भी अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। आज भी कई लोगों ने आचार्यश्री के दर्शन व मंगल आशीर्वाद का लाभ प्राप्त किया। राजकोट की मेयर श्रीमती नयनाबेन पढरिया ने आचार्यश्री के दर्शन मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सादर उपाश्रय के अध्यक्ष श्री किशोरभाई दोसी, श्रीमती रजनी मालू, श्रीमती कृतिका जैन गोंडल, श्रीमती मीनाक्षी चौपड़ा व श्री योगेन्द्र मालू ने भी अपनी भावाभिव्यक्ति दी। आत्मीय युनिवर्सिटी से स्वामीनारायण संप्रदाय के स्वामी त्यागवल्लभजी ने कार्यक्रम में अपने वर्तमान गुरु प्रेमस्वरूप स्वामीजी द्वारा आचार्यश्री की भक्ति में लिखे गए पत्र का वाचन किया और अपने स्थान पर पधारने हेतु कृतज्ञता ज्ञापित की। आचार्यश्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

# झूठी एफआईआर पर हाईकोर्ट ने एसपी–एसएचओ को लगाई फटकार, मांगा जवाब

♦भारत टाइम्स♦





**जोधपुर अरुण माथुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने झूठी एफआईआर के मामले में बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीणा और कोतवाली एसएचओ लेखराज सियाग से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने दोनों को अगली सुनवाई पर पेश होने के आदेश दिए हैं। आगे की सुनवाई के लिए 28 जनवरी की डेट दी गई है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश फरजंद अली ने सबूतों के आधार पर माना कि एसपी और हिस्ट्रीशीटर की स्कॉर्पियो आपस में नहीं टकराई थी। यह झूठे सबूत गढने के लिए किया गया कृत्य है। उन्होंने अपने आदेश में कहा- क्यों न उनके (एसपी-एसएचओ) खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू की जाए। याचिकाकर्ता शैलेन्द्र सिंह राजपूत के वकील धीरेंद्र सिंह और उनकी सहायक वकील प्रियंका बोराणा ने बताया कि पूरा मामला 8 मार्च 2025 का है। बाड़मेर के कोतवाली थाने में कॉन्स्टेबल पृथ्वी सिंह राजपुरोहित ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि राजपुरोहित एसपी नरेंद्र सिंह मीणा के सरकारी वाहन स्कॉर्पियो के ड्राइवर हैं। गत 28 मार्च को दोपहर 12 बजे बाड़मेर शहर के राजकीय अस्पताल के आगे से काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर आए कुछ बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया था। इसकी तलाश में थाना पुलिस के साथ बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीणा भी लगे थे। एफआईआर में बताया गया कि तलाशी के दौरान शहर के चौहटन चौराहे के पास बाड़मेर एसपी मीणा को एक ब्लैक कलर की बिना नंबरी स्कॉर्पियो दिखाई दी। गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया लेकिन, ड्राइवर शैलेंद्र सिंह राजपूत ने बाड़मेर एसपी, ड्राइवर पृथ्वी सिंह राजपुरोहित और गनमैन को जान से मारने की नीयत से सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। इसके बाद फरार हो गया। एफआईआर में बताया कि इसके बाद काले रंग की स्कॉर्पियो के पीछे पुलिस की टीमें लग गई। हिस्ट्रीशीटर शैलेन्द्र अपनी एसयूवी को महाबार चौराहा, चौहटन चौराहे होते हुए भगा रहा था। इसी दौरान पुलिस के वाहन को देखकर धांधू पुरा के पास एसयूवी छोडकर फरार हो गया।

# झाबुआ एनएसयूआई ने छात्रों की सभी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया

## सहायक आयुक्त निशा मेहरा को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा

- एनएसयूआई ने सैकड़ो छात्र - छात्राओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर घेराव किया।



♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नरवेश अमलियार ने बताया की प्रकार एकलव्य का अंगूठा काट दिया गया था उसी तरह भाजपा सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर काटने का काम कर रही है। जिला प्रशासन भी छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नही दे रहा है। बहुत से छात्र- छात्राओं को पिछले तीन वर्षों से छात्रवृत्ति आज दिनांक तक नही मिली है। जबकि छात्र - छात्राओं से फीस समयानुसार ले ली जाती है परंतु शासन की जो योजनाएं है उनका लाभ छात्रों को समय से नही दिया जा रहा है। ना ही मेधावी छात्रों को लेपटॉप ,राशि भी नही दी जा रही है। भाजपा सरकार छात्रों से आये दिन अन्याय कर रही है। हमने छात्रों की विभिन्न मांगों को रखा है जो इस प्रकार है। जनजातिय सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक 02 और 05 झाबुआ एम 2 होटल के पास से गुजरने वाला मार्ग कच्चा है। और वहां से प्रतिदिन अनेकों वाहन गुजरते है । मार्ग कच्चा होने से वाहनों के चलने से मिट्टी बहुत उड़ती है। और वह सीधे छात्रावास में आती है। जिससे छात्रावास में रहने वाले छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। इसलिए मुख्य मार्ग से ट2 होटल होते हुए नगरपालिका झाबुआ तक तत्काल प्रभाव से मार्ग निर्माण किया जाए। जिससे छात्रों एवं अन्य राहगीरों को मिट्टी उड़ने से होने वाली परेशानी और बीमारियों से छुटकारा मिले। इन्ही छात्रावासों के सामने एक नाला भी है। जिसकी साफ सफाई नही होने से बदबू , मच्छर व अन्य जीवाणु छात्रावास में रहने वाले छात्रों की तबियत खराब कर रहे है अब तक कई छात्रों को मलेरिया,डेंगू हो चुका है। इसलिए तत्काल प्रभाव से छात्रावास के सामने ट2 होटल के पास वाले नाले की साफ - सफाई व दवाई का छिड़काव किया जाए। छात्रों को लगभग 3 वर्ष हो चुके है लेकिन उन्हें अभी तक छात्रवृत्ति की राशि नही दी गई है जबकि यह छत्र पूरा होने में कुछ ही समय बचा है। छात्रों से फीस वगेरा समय से ले ली जाती है। परंतु छात्रों को शासन की योजना अनुसार छात्रवृत्ति मिलती है। लेकिन यह समय से नही दी जा रही है। इसलिए छात्रों को तत्काल प्रभाव से छात्रवृत्ति दी जाए। जिससे छात्र परीक्षा फीस, कॉपी,किताब,पैन वगेरा खरीदने में छात्रवृत्ति का उपयोग कर सके। अतः भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन(ठ२४) मांग करता है कि छात्रों की इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। मांग जल्द से जल्द पूरी नही होने पर एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की रहेगी। जिसमें एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नरवेस अमलियार, नेता नीलेश गणावा, एनएसयूआई सोशल मीडिया कैलाश भूरिया, विनोद गणावा, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष किशोर डामोर, एनएसयूआई आदर्श कॉलेज अध्यक्ष कान्तिलाल भूरिया, एनएसयूआई मीडिया मनोश गुंडिया ,दीपक मखोडिया, कुलदीप ,रायसिंह व अन्य सैकड़ो एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राठौड़ परिवार की ओर से सीरवी समाज ट्रस्ट सुकतंकट्टे वडेर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान



♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज ट्रस्ट (रेजि.) बेंगलोर पश्चिम कि कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत नेनाराम व इनके पुत्र श्रवण कुमार तथा भाई लालाराम राठौड़ मयुरा टेक्सटाइल, कामाक्षीपाल्या बेंगलोर द्वारा समाज कि नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सीरवी समाज के चुनिन्दा सदस्य अध्यक्ष इंदरलाल सोलंकी, सचिव अशोक परिहार, कोषाध्यक्ष देवाराम गेहलोत, उपाध्यक्ष घीसुलाल चोयल, उपाध्यक्ष चेनाराम काग, उपाध्यक्ष रुगाराम चोयल, सह सचिव भंवरलाल गहलोत, संगठन मंत्री पोकरराम राठोड़, सह संगठन मंत्री चौथाराम बर्फा, अमराराम परिहारिया, साांस्कृतिक मंत्री कानाराम सोलंकी, सह. साांस्कृतिक मंत्री राजाराम राठोड़, सह मिडिया प्रभारी भूराराम राठोड़, व्यवस्थापक बाबुलाल मुलेवा, सह व्यवस्थापक हरजीराम हाम्बड़, सीरवी समाज लगेरे के कोषाध्यक्ष कुकाराम आगलेचा, उपाध्यक्ष बाबुलाल सोलंकी, महादेव भजन मंडल के अध्यक्ष चुनीलाल भायल, रामदेव भक्त मंडल ए. दासरहल्ली के व्यवस्थापक जय प्रकाश सीरवी, पत्रकार नारायण लाल सेणचा आदि का स्वागत साल, माला एवं साफा द्वारा नागरभावी स्थित राठौड़ निवास पर किया गया इस स्वागत समारोह में तेजाराम राठोड़, वेनाराम पंवार, दीपाराम काग, अमेदराम काग, गेनाराम काग, भोलाराम काग व अन्य समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे स्वागत समारोह के पश्चात सभी अतिथियों के लिए भोजन कि व्यवस्था राठोड़ परिवार द्वारा रखी गई सभी अतिथियों ने राठोड़ परिवार का धन्यवाद कर आभार जताया।

# नव नियुक्त चंडावल पुलिस थानाधिकारी गोपाल सिंह का किया स्वागत एवं अभिनंदन

♦भारत टाइम्स♦



**सोजत सिटी।** नव नियुक्त चंडावल पुलिस थानाधिकारी गोपाल सिंह साहब का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत - राजस्थान प्रदेश सह सचिव व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ महेश सोनी। एवं नव नियुक्त चंडावल पुलिस थानाधिकारी गोपाल सिंह से कुछ विषयों पर चर्चा करते हुए समाजसेवी डॉ. महेश सोनी ने कहा कि नवीन पुलिस थाना खुलने से अपराधों पर अंकुश लग पाएगा। एवं हाईवे सहित ग्रामीण क्षेत्रों को आपराधिक गतिविधियों से राहत मिलेगी। एवं नव नियुक्त चंडावल पुलिस थानाधिकारी गोपाल सिंह ने कहा कि समाजसेवी डॉ. महेश सोनी द्वारा किए गए बहुमान एवं स्वागत का आभार जताया।

# भारत स्काउट गाइड के हीरक जयंती वर्ष में सरकार द्वारा विशेष सिक्का जारी

♦भारत टाइम्स♦



**जोधपुर अरुण माथुर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा भारत स्काउट और गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 रुपए मूल्य का विशेष सिक्का जारी किया गया है! राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार भारत स्काउट और गाइड की मानवता के प्रति विशेष सेवा, राष्ट्रीय एकता, अंतर्राष्ट्रीय बंधुत्व का भाव , आपदा प्रबंधन में विशेष सेवाएं , युवाओं के चारित्रिक निर्माण और हमारी पुरातन संस्कृति विश्व बंधुत्व के देश के कार्य करने की शैली को स्मरणीय बनाने के लिए हीरक जयंती पर 75 रुपए का विशेष सिक्का जारी किया गया है! सिक्के के एक ओर अशोक स्तंभ और भारत , कठऊकअ तथा 75 रुपए मूल्य वर्ग लिखा हुआ होगा ! सिक्के के दूसरी ओर भारत स्काउट और गाइड का लोगो तथा 1950 से 2025 की अवधि का अंकन होगा ! राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला जोधपुर के जिला सचिव डॉ बी एल जाखड़ की अध्यक्षता में गर्ल गाइड मुख्यालय में आयोजित बैठक में सीओ स्काउट छतर सिंह पीडीयार, सीओ गाइड निशु कंवर, प्रशासनिक अधिकारी धर्मेंद्र देवड़ा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार फोपालिया, उपाध्यक्ष चनण सिंह इंदा, वरिष्ठ रेंजर कृष्णा राजपुरोहित, रोवर रामविलास सैनी, सुरेश , गाइडर प्रकाश शर्मा, भीख सिंह राजपुरोहित, खेमराज सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में हर्षनाद के साथ भारत सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया तथा एक आभार पत्र वित्त मंत्रालय को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

# मण्डल अध्यक्ष बनने पर पुजा सुराणा का किया सम्मान

♦भारत टाइम्स♦



**जोधपुर अरुण माथुर।** सारथी यूथ फाउंडेशन के संस्थापक व अध्यक्ष देवेन्द्र गहलोत ने बताया की फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष पुजा सुराणा को भारतीय जनता पार्टी का त्रिपोलिया मण्डल अध्यक्ष बनने पर फाउंडेशन परिवार की ओर से साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान किया गहलोत ने बताया की भाजपा के इतिहास मे पहली बार महिला अध्यक्ष बनाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन जांगिड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, शहर विधायक अतुल भंसाली, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, महामंत्री मनीष पुरोहित का आभार प्रकट किया इस दौरान लखपत परिहार, एडवोकेट संजीव व्यास, राधिका कानूंगा, रामनारायण थिरोदा, विजयलक्ष्मी हर्ष, मुरली सोनी, मनीष मेहता, रिदेश भंडारी, केवलराज सा सिंघवी, राजेन्द्र भंडारी, आलोक पारख,आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से नारायणपुर के हजारों नागरिकों को मिला मुफ्त इलाज और दवाइयों का लाभ

## स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को घर के पास ही मिल रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

♦भारत टाइम्स♦



**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। नारायणपुर नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का आयोजन कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री आशीष कोर्राम द्वारा प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। शहर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग 48 हजार मरीजों का इलाज किया गया है। इनमें से 41 हजार से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं, और 20 हजार से अधिक लोगों की लैब जांच मुफ्त में की गई है। इन शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को 170 प्रकार की दवाइयां और 41 प्रकार की लैब जांच निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, नगर के सफाई मित्रों को भी प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जाती है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को उनके घर के पास ही उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श और मुफ्त चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# दिल्ली के चुनाव आप के लिये परीक्षा की घड़ी



चुनाव की घोष ाा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोष ाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। आप तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपू र्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है

देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। आप दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है? चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। आप तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए आप ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। रेवड़ी पर चर्चा जैसी मुहिम से आप हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन आप के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। शीश महल विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि आप की उलटी गिनती तो शुरू हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है। दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली आप ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन आप ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ.49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए आप ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफी रोचक होने वाला है लेकिन यह आप के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरजोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये आप-दा यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले आप की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए आप सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है। यही नहीं, दिल्ली नगर निगम में दशकों से कायम उसकी सत्ता भी छिन चुकी है। ऐसे में इस टीस को वह इस विधानसभा चुनाव में जरूर दूर करना चाहेगी और इसके लिये उसकी तैयारी ही केजरीवाल के लिये संकट का बड़ा कारण है। विश्लेषकों का कहना है कि यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे और सबसे ज्यादा, आम आदमी पार्टी के भविष्य को तय करेंगे। दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई इस मायने में खास नहीं कही जाएगी कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे। आप के अस्तित्व में आने के बाद से यहां त्रिकोणिय मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नई पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता से शानदार बहुमत मिला। नई और दो राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद आप ने मुफ्त की संस्कृति एवं आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी अलग पहचान बनाई है। इस आक्रामकता एवं मुफ्त की संस्कृति ने जहां आप को नई धार दी है, ताकत दी, पहचान दी वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है। धीरे-धीरे उसकी यही ताकत उसकी कमजोरी बनती जा रही है। भाजपा एवं कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडिया गठबंधन के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इनसे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं। जिस तरह से विधानसभा चुनाव-2025 लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो उसके निहितार्थ दूर तक जाएंगे। दिल्ली की सत्ता आप के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। लेकिन इस चुनाव में परीक्षा सिर्फ इन राजनीतिक पार्टियों की नहीं, बल्कि दिल्ली के मतदाताओं की भी होगी कि वे अपनी समस्याओं के प्रति कितनी सजगता दिखाते हैं? इस बार दिल्ली की जनता को अपने हित की बजाय दिल्ली के हित में सोचना है। देखना है कि क्या जनता स्वहित के चलते आधे इंजन की सरकार बनायेगी या दिल्ली के समग्र एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन के लिये डबल इंजन की सरकार बनायेगी।




# संभल मंदिर-मस्जिद विवाद में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, जिला अदालत की सुनवाई पर लगाई रोक

संभल की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश हो चुकी है। (पीटीआई) उत्तर प्रदेश स्थित संभल के मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के सुनवाई पर रोक लगाई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को हाईकोर्ट करेगा। संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह स्टे लगाया है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने की थी ।इंतजामिया कमेटी ने दाखिल की थी याचिका संभल की जाना मस्जिद को लेकर इंतजामिया कमेटी के ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें निचली अदालत में सुनवाई पर रोक की मांग की गई थी। संभल की जिला अदालत में 19 नवंबर को हरिशंकर जैन व अन्य की तरफ से मुकदमा दाखिल किया गया था। इस याचिका में शाही जामा मस्जिद के स्थान को पूर्व में मंदिर होना बताया गया था। इस मामले में जिला अदालत ने सर्वे का आदेश दिया था। इसकी सर्वे रिपोर्ट निचली अदालत में दाखिल की जा चुकी है। यह भी पढ़ेंः कुआं, बरगद का पेड़ और फूलङ्क जानिए संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट में क्या आया सामने संभल सर्वे रिपोर्ट में क्या सामने आया? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सर्वे रिपोर्ट में हिंदू धर्म से जुड़े 50 से ज्यादा फूल के निशानों का जिक्र हुआ है। इसके अलावा दो बरगद के पेड़ भी मिले हैं, मस्जिद में कुआं होने की संभावना भी जता दी गई है। अब यह सारे प्रमाण क्योंकि हिंदू धर्म से जुड़े हुए हैं, इसी वजह से कहा गया है कि इस मस्जिद से पहले यहां एक मंदिर हुआ करता था। सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि पुराने ढांचे को बदला गया है। इसके अलावा नए कंस्ट्रक्शन के कुछ सबूत भी मिल गए हैं। मस्जिद मे जो बड़ा झूमर लगा है, उसे लेकर भी सर्वे रिपोर्ट में दावा हुआ है। तर्क दिया गया है कि असल में जिस जंजीर से वो झूमर लटका हुआ है, मंदिरों में उसी जंजीरों से घंटे को बांधा जाता है। सियासी रूप से भी महत्वपूर्ण है संभल धार्मिक महत्व के अलावा के अलावा बीजेपी के लिए संभल और उसके आसपास के इलाकों का सियासी रूप से महत्वपूर्ण भी हैं। यहां साल 2014 के लोकसभा चुनावों को छोड़ दिया जाए तो बीजेपी को कोई खास सफलता नहीं मिली है। यहां से सपा और बसपा को सफलता मिली है। साल 1998 और 1999 में खुद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत हासिल की थी और साल 2004 में रामगोपाल यादव ने यहां से संसद पहुंचे थे।



## संपादकीय

# छह साल से हिरासत में, 16 बार सुनवाई स्थगित; सुप्रीम कोर्ट बोला- हम यह सुनकर हैरान हैं ...



सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में करीब चार साल से लंबित याचिका पर हैरानी जताई। शीर्ष अदालत ने हाल ही में हत्या के एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर फैसला लेने में इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा देरी पर आश्चर्य व्यक्त किया। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की खंडपीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि जमानत याचिका पिछले चार वर्षों से इलाहाबाद खंडपीठ के समक्ष लंबित है। कोर्ट ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से यह जानकर स्तब्ध हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा इलाहाबाद हाई कोर्ट में आपराधिक विविध जमानत आवेदन संख्या 40542/2020 के तहत दायर जमानत याचिका आज भी लंबित है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी इमरान ने अपने वकील मोहम्मद अनस चौधरी के माध्यम से 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह लगभग छह साल से हिरासत में है और इसके बावजूद, उसकी जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने 16 बार सुनवाई स्थगित कर दी। वकील चौधरी ने यह भी दलील दी कि मामले में सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इसलिए उन्होंने मामले में इमरान के लिए अंतरिम जमानत मांगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रार्थना पर विचार नहीं किया, क्योंकि उसने पाया कि अभियोजन पक्ष पहले ही मुकदमे में साक्ष्य प्रस्तुत कर चुका है। पूर्व उखक डीवाई चंद्रचूड़ से कब-कब असहमत हुए जस्टिस संजय किशन कौल? इस मसले पर बोले झ ङ्घमामला मुझसे लेने की कोई वजह नहीं थी कोर्ट ने कहा कि शायद अब जो बचा है वह सीआरपीसी की धारा 313 के तहत याचिकाकर्ता-आरोपी का आगे का बयान दर्ज करना और अंतिम बहस करना है। यह देखते हुए कि मुकदमा लगभग पूरा होने वाला है, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से स्पष्टीकरण मांगने से भी परहेज किया। हालांकि, इसने मामले को इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया कि रजिस्ट्री इस आदेश को हाई कोर्ट को भेजेगी तथा अनुरोध करेगी कि इसे इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

## आस्था...

### नीली पहनने से इन राशियों का चमक सकता है करियर और कारोबार...

वैदिक ज्योतिष अनुसार शनि ग्रह को आयु, दुख, रोग, पीड़ा, विज्ञान, तकनीकी, लोहा, खनिज तेल, कर्मचारी, सेवक, जेल आदि का कारक माना जाता है। यह मकर और कुंभ राशि के स्वामी होतो हैं। वहीं तुला राशि शनि की उच्च राशि है जबकि मेष इसकी नीच राशि मानी जाती है। साथ ही शनि देव का नीलम रत्न होता है और शनि देव का उपरत्न नीली होता है ।दरअसल नीलम रत्न बाजार में काफी मंहगा मिलता है। जबकि नीली उपरत्न सस्ता मिल जाता है। इसलिए नीली उपरत्न को धारण करके भी लाभ पाया जा सकता है। आइए जानते हैं नीली धारण करने के लाभ और पहनने की सही विधि 12 महीने बाद बुध ग्रह करेंगे गुरु के घर में प्रवेश, इन राशियों को मिल सकता है अपार पैसा और पद- प्रतिष्ठा नीली धारण करने के लाभ वैदिक ज्योतिष अनुसार जिन लोगों को रात में घबराहट या भय लगता है, तो उनको नीली धारण करना चाहिए। वहीं नीली धारण करने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही किसी व्यक्ति के ऊपर जादू-टोना या भूत प्रेत का चक्कर हो तो भी नीली उपरत्न धारण करने से लाभ होता है। जिन लोगों में धैर्य की कमी होती है और वह हर काम को लेकर जल्दबाजी में रहते हैं तो ऐसे लोगों को नीली धारण करने से धैर्य आता है। नीली धारण करने से आर्थिक लाभ होने लगता है और नौकरी, व्यवसाय में उन्नति होने के संकेत मिलने लगते हैं। 100 साल बाद मंगल और राहु की चाल में होने जा रहा बदलाव, इन राशियों की चमक सकती है किस्मत, करियर और कारोबार में तरक्की के योग इन लोगों को नीली करता है सूट वैदिक पंचांग अनुसार वृष राशि, मिथुन राशि, कन्या राशि, तुला राशि, मकर राशि और कुंभ राशियों को नीली पहनना लाभप्रद सिद्ध होता है। वहीं अगर अगर शनि केंद्र के स्वामी हैं तो भी नीली धारण कर सकते हैं। साथ ही अगर शनि देव शुभ (उच्च) के कुंडली में स्थित हैं, तो भी नीली पहन सकते हैं। वहीं मूंगा और माणिक्य के साथ नीली धारण नहीं करें। अन्यथा नुकसान हो सकता है। 28 जनवरी से चमक सकती है इन राशियों की किस्मत, शुक्र ग्रह बना रहे मालव्य राजयोग नीली इस विधि से करें धारण बाजार में नीली उपरत्न सस्ता मिल जाता है। आपको बता दें कि नीली उपरत्न शरीर के वजन के हिसाब से खरीदना वहीं नीली को आप अंगूठी या पैंडल के रूप में भी पहन सकते हैं। नीली को चांदी के धातु में धारण करना शुभ होता है।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

मेषः आप अपनी भावनाओं पर काबू रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे झ आपका अजीब रवैया लोगों को भ्रमित करेगा और इसलिए आपमे झुंझलाहट पैदा करेगा। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। आपकी आँखें चमकने लगेंगी और धड़कनें तेज हो जाएंगी, आज जब आप अपनी सपनों की राजकुमारी से मिलेंगे। दूसरों को ऐसा काम करने के लिए बाध्य न करें, जो आप स्वयं न करना चाहें। आपको याद रखने की जरूरत है कि भगवान उसी की मदद करता है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

वृषभः मानसिक और नैतिक शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा भी लें, केवल तभी सर्वांगीण विकास संभव है। याद रखें कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। कोशिश करें की कोई आपकी बातों या काम से आहत न हो और पारिवारिक जरूरतों को समझें। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें- आपको बैठकर बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की जरूरत है।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

मिथुनः अगर आप पर्याप्त आराम नहीं कर रहें है तो आप बहुत ज्यादा थकान महसूस करेंगे और आपको अतिरिक्त आराम की जरूरत होगी। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा। आज आपकी कोई बुरी आदत आपके प्रेमी को बुरी लग सकती है और वो आपसे नाराज हो सकते हैं। अहम लोगों से बातचीत करते वक़्त अपने आँख-कान खुले रखिए, हो सकता है आपके हाथ कोई कीमती बात या विचार लग जाए।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

कर्कः बाहर का और खुला खाना खाते वक़्त खास तौर पर बचाव पर ध्यान देने की जरूरत है। हालाँकि बिना वजह तनाव न लें, क्योंकि यह आपको मानसिक कष्ट दे सकता है। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ। अपने मित्रों या संबंधियों को अपना आर्थिक काम-काज और रुपये-पैसे का प्रबंधन न करने दें, नहीं तो जल्दी ही आप आपने तयशुदा बजट से कहीं आगे निकल जाएंगे। कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की मदद के बिना महत्वपूर्ण कामों को कर सकते हैं, तो आपकी सोच काफी गलत है।

**सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

सिंहः ठूँस-ठूँस कर खाने और ज्यादा कैलोरी की चीजें खाने से बचिए। किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा। किसी धार्मिक स्थल या संबंधी के यहाँ जाने की संभावना है। दिन को खास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे-छोटे तोहफे लोगों को दें। पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके जेहन में आएँ। दिक़्क़तों का तेजी से मुकाबला करने की आपकी क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

कन्याः दूसरों की आलोचना करने की आपकी आदत के कारण आपको भी आलोचना का शिकार होना पड़ सकता है। अपना ह्यसेंस ऑफ ह्यूमरह्न दुरुस्त रखें और पलटकर तल्ख जवाब देने से बचें। ऐसा करने पर आप आसानी से दूसरों की कड़ी टिप्पणियों से निजात पा लेंगे। बिन बुलाया कोई मेहमान आज घर में आ सकता है लेकिन इस मेहमान की किस्मत की वजह से आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज्यादा सावधानी बरतें। किसी की प्यार में कामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

तुलाः आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फायदा पहुँचाएंगे। धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताजा कर देगा। आने वाले समय में दफ़्तर में आपका आज का काम कई तरीके से असर दिखाएगा। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

वृश्चिकः आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। आज के दिन आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यथार्थवादी रवैया अपनाएँ और जो आपकी ओर मदद का हाथ बढ़ाएँ, उनसे किसी चमत्कारकी उम्मीद न करें। आज अपने प्रिय से दूर होने का दुःख आपको टीस देता रहेगा।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

धनुः जिन्दगी की बेहतरीन चीजों को शिद्दत से महसूस करने के लिए अपने दिल-दिमाग के दरवाजे खोलें। चिंता को छोड़ना इसकी ओर पहला कदम है। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। बहन का स्नेह आपको प्रोत्साहन देगा। लेकिन छोटी-मोटी बातों पर आपा खोने से बचें, क्योंकि इससे आपके हितों को नुकसान पहुँचेगा। जिनकी सगाई हो चुकी है, वे अपने मंगेतर से बहुत-सी खुशियाँ पाएंगे। आपके बॉस किसी भी बहाने में दिलचस्पी नहीं जाहिर करेंगे- इसलिए निगाहों में बने रहने के लिए अपना काम अच्छी तरह से करें।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

मकरः आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। अगर आपको लगता है कि आपके पास पर्याप्त धन नहीं है तो आज घर के किसी बड़े से धन संचित करने की सलाह लें। परिवार वालों का हँसी-मजाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बना देगा। किसी दिलचस्प इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू में जाने के लिए अच्छा समय है। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

कुंभः छोटी-छोटी चीजों को खुद के लिए परेशानी का सबब न बनने दें। सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। प्रेम भगवान की पूजा की ही तरह पवित्र है। यह आपको सच्चे अर्थों में धर्म व आध्यात्मिकता की ओर भी ले जा सकता है। बड़े व्यापारिक लेन-देन करते वक़्त अपनी भावनाओं पर काबू रखें। शाम का वक्त अच्छा रहे इसके लिए आपको दिनभर मन लगाकर काम करने की जरुरत है। संभावना है कि आपके और आपके जीवनसाथी के बीच तनाव और बढ़ सकता है। इससे बचाव न करने की स्थिति में इसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

मीनः आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी। दोस्तों के साथ कुछ दिलचस्प और रोमांचक समय बिताने के लिए अच्छा समय है। आज प्यार के नजरिए से दिन काफी विवादास्पद रहेगा। अपने उद्देश्यों की ओर शान्ति से बढ़ते रहें और सफलता मिलने से पहले अपने पत्ते न खोलें।




# तीन चीजों का जूस फेफड़ों को करेगा क्लीन शरीर को मिलेंगे कमाल के 5 फायदे

सर्दियों के मौसम में सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है, क्योंकि सर्दियों में कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे कई बीमारियां भी हो सकती हैं। इससे बचने के लिए ऌक्ष्ट छ्ब्ह्ब्ष्द यानी सेब, गाजर और चुकंदर से बना जूस बहुत ही फायदेमंद हो सकता है। इसे पीने से स्वास्थ्य को कई फायदे मिलते हैं। यह जूस शरीर को न केवल एनर्जी से भरपूर रखेगा, बल्कि यह त्वचा से लेकर दिल तक पूरे शरीर को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं और कई बीमारियों से बचाते हैं। नोएडा के डाइट मंत्रा क्लीनिक की सीनियर डाइटिशियन कामिनी सिन्हा ने ऌक्ष्ट जूस के फायदे बताए हैं।

डाइटिशियन कामिनी सिन्हा के मुताबिक, सेब, चुकंदर और गाजर का जूस स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। यह जूस पोषक तत्वों का एक बेहतरीन स्रोत है और रोज इस जूस को पीने से शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं, क्योंकि इसमें नेचुरल शुगर, विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा होते हैं। उन्होंने बताया कि सेब, गाजर और चुकंदर तीनों में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जिससे पाचन तंत्र अच्छा होता है। यह जूस शरीर से टॉक्सिक एलिमेंट्स को बाहर निकालने में भी मदद करता है और फेफड़ों को भी क्लीन करने का काम करता है।

हार्ट के लिए हेल्दी

एबीसी जूस को दिल की हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि से नसों में जमे बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है। ऐसी ही चुकंदर में नाइट्रेट्स होते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाते हैं और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। इसके अलावा गाजर में एंटीऑक्सीडेंट्स कार्डियोवैस्कुलर होते हैं, जो पूरी हेल्थ को बेहतर बनाने में असरदार होते हैं। इस जूस को पीने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है।

**डाइटिशियन कामिनी सिन्हा के मुताबिक, सेब, चुकंदर और गाजर का जूस स्वास्थ्य के लिए बहुत ही अच्छा होता है। यह जूस पोषक तत्वों का एक बेहतरीन स्रोत है और रोज इस जूस को पीने से शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं।**

खून की कमी होगी दूर

चुकंदर आयरन का सबसे अच्छा स्रोत है, जो हीमोग्लोबिन को बढ़ाने में मदद करता है। गाजर में विटामिन ए और सेब में पोटैशियम होता है, जो खून बनाने में लाभकारी होता है।एनीमिया से बचाव होता है और शरीर में खून की कमी पूरी होती है।

फेफड़ों की क्लीनिंग

ऌक्ष्ट जूस फेफड़ों की सफाई के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

इस जूस में फाइबर की काफी अच्छी मात्रा होती है, जो फेफड़ों को क्लीन करने में असरदार हो सकता है। इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व होते हैं, जिससे लंग्स को साफ करने में मदद मिल सकती है।

# सर्दियों में Vitamin D की कमी को पूरा करेंगे ये फूड, धूप में बैठने की भी नहीं पड़ेगी

विटामिन डी एक ऐसा पोषक तत्व है, जो सूर्य की रोशनी यानी धूप से सबसे ज्यादा मिलता है, लेकिन सर्दियों में धूप बहुत कम निकलती है। ऐसे में विटामिन डी की कमी पूरी करने के लिए इन फूड का सेवन किया जा सकता है।

हेल्दी और फिट बॉडी के लिए जरूरी पोषक तत्वों के साथ-साथ ङ्कद्बह्लड्डद्वद्बठ्ठ ष्ठ की भी बहुत जरूरत होती है। विटामिन डी की कमी चलते हड्डियों और मांसपेशियों पर असर पड़ता है। जिसके चलते कई बीमारियां होने का भी खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, विटामिन डी एक ऐसा पोषक तत्व है जो सूरज की रोशनी यानी धूप से सबसे अधिक मिलता है। इसलिए कुछ देर धूप में बैठने की सलाह दी जाती है, लेकिन सर्दियों के मौसम में धूप बहुत कम निकलती है। जिससे विटामिन डी की कमी होना बहुत आम है। ऐसे में कुछ फूड को अपनी डाइट में शामिल करके विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी की कमी से होने वाले नुकसान

हड्डियों में कमजोरी

इम्यून सिस्टम कमजोर

मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द

हार्ट की बीमारियों का खतरा

दरअसल, विटामिन डी हड्डियों से लेकर संक्रमण और बीमारियों से लड़ने तक शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों को बनाए रखने में मदद करता है। विटामिन कैल्शियम और फास्फोरस अवशोषण को बढ़ावा देता है। ये विटामिन मसल्स की ग्रोथ से लेकर स्किन तक के लिए भी फायदेमंद है। कई रिसर्च में ये बात साबित हुई है कि विटामिन डी का सेवन हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी के जोखिम को बहुत हद तक कम कर देता है।

बॉडी में विटामिन क्च12 की कमी को पूरा करेगा ये ड्राई फ्रूट, तुरंत खाएं, अंग-अंग में भर जाएगी भुर्ती

मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द

विटामिन डी की कमी से मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द की समस्या हो सकती है। जब मांसपेशियों में कमजोरी या दर्द का महसूस हो, तो यह विटामिन डी की कमी का संकेत है। बोन रिपोर्ट्स के एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन डी की कमी वाले कमजोर, बुजुर्ग और विशेष रूप से संस्थानों में रहने वाले लोगों को विटामिन डी सप्लीमेंट से लाभ हो सकता है।

हड्डियां कमजोर

विटामिन डी की कमी होने पर शरीर कैल्शियम और फास्फोरस को पूरी तरह से अवशोषित नहीं कर पाता है, जिससे हड्डियों में दर्द, हड्डियों के फ्रैक्चर, मांसपेशियों में दर्द और मांसपेशियों की कमजोरी का जोखिम बढ़ सकता है।




विटामिन डी की कमी कैसे पूरी करें?

विटामिन डी कमी को खानपान के माध्यम से भी पूरा किया जा सकता है।

अपने आहार के माध्यम से प्राकृतिक रूप से विटामिन डी की कमी को पूरा करें

सूर्य के रोशनी में अधिक समय बिताकर प्राकृतिक रूप से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए फूड

दूध से बने प्रोडक्ट और फैटी फिश

दूध, दही और पनीर में भी विटामिन डी भरपूर मात्रा में होता है। दूध से बने प्रोडक्ट का सेवन करने से विटामिन डी की कमी पूरी हो सकती है। इसके अलावा मछलियां सूरज की रोशनी में रहती है, जिसके कारण वह अपने अंदर विटामिन डी स्टोर कर लेती हैं। फिश के सेवन से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

सर्दी में चाय में 1 चम्मच घी मिलाकर पिएं ञ्श्च बन जाएगी अमृत, गट हेल्थ में हो जाएगा सुधार, वजन भी रहेगा कंट्रोल

मशरूम

मशरूम यूवी किरणों में उगाए जाते हैं। इसके सेवन से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

सप्लीमेंट

इसके अलावा विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट्स का सेवन भी किया जा सकता है, लेकिन सप्लीमेंट्स का सेवन किसी एक्सपर्ट की सलाह के अनुसार करना चाहिए।

इसके अलावा सर्दियों की ठंड इम्यूनिटी को कमजोर कर सकती है और हार्ट संबंधी जोखिम बढ़ा सकती है। सर्दियों की बीमारियों से बचने के लिए विटामिन ष्ट युक्त फूड का सेवन बहुत जरूरी है।

# शरीर के इन 5 हिस्सों में दर्द है हार्ट अटैक का संकेत, इग्नोर किया तो जा सकती है जान!




आज के समय में खराब डाइट और बिगड़ते लाइफस्टाइल के चलते कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिसमें ब्लड प्रेशर सबसे पहले स्थान पर आता है। ब्लड प्रेशर की समस्या दुनिया भर में बढ़ रही है, जिससे हार्ट से जुड़ी कई गंभीर बीमारी हो रही हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 17.9 मिलियन लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं। दिल का दौरा अचानक और एकदम आता है, लेकिन दिल का दौरा पड़ने से पहले शरीर कुछ संकेत देता है। समय रहते इनका पता लगाकर आप अपनी जान बचा सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बिना किसी कारण के शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द या असुविधा महसूस होती है, तो यह दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है।

सीने में दर्द या दबाव

दिल का दौरा पड़ने का सबसे आम लक्षण सीने में दर्द या दबाव है। यह दर्द अचानक शुरू हो सकता है और लगातार बना रह सकता है। यह दबाव छाती पर भारी बोझ जैसा महसूस होता है। कई लोगों में यह दर्द गंभीर होता है तो कुछ लोगों में हल्का दबाव होता है। हालांकि, इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इग्नोर करना आपके लिए घातक हो सकता है।

कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द

कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द भी दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है। खासतौर पर अगर यह दर्द सीने में दर्द के साथ हो तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। यह दर्द एक जगह से दूसरी जगह तक फैलता है। कभी-कभी यह एक तरफ या दोनों तरफ भी महसूस हो सकता है।

काजू-बादाम नहीं ये ड्राईफ्रूट है कोलेस्ट्रॉल का काल, हार्ट समेत 3 बीमारियों से मिलेगी निजात, आचार्य बालकृष्ण ने बताए फायदे

लेफ्ट हैंड में दर्द-लेफ्ट हैंड में दर्द दिल के दौरे का एक सामान्य लक्षण है। यह दर्द अचानक शुरू होता है और गंभीर होता है। कभी-कभी यह दर्द हल्का या परेशान करने वाला होता है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक बना रहे तो इसे नजरअंदाज न करें।

# सुबह-सुबह दिखते हैं ये संकेत तो किडनी फेल होने का खतरा!, कैसे करें बचाव

एक्सपर्ट से जानिए किडनी की समस्या होने से पहले शरीर कई संकेत देता है, जिन्हें नजरअंदाज करना महंगा पड़ सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, किडनी की समस्या के संकेतों को समय रहते पहचानना जरूरी है, नहीं तो किडनी फेल हो सकती है।

किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी मदद से ही शरीर में जमा गंदगी बाहर निकलेगी। किडनी खून को छानने जैसा महत्वपूर्ण कार्य करती है। ऐसे में सभी अंगों को स्वस्थ रखने के लिए अपने खानपान से लेकर लाइफस्टाइल का ध्यान रखना पड़ता है। अगर, किडनी से संबंधी कोई समस्या हो रही है तो जल्द से जल्द इलाज कराना बहुत जरूरी है। मेडिकल एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इसे नजरअंदाज करने पर किडनी फेल तक हो सकती है।

फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के एडिशनल डायरेक्टर व हेड नेफ्रोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट विभाग की डॉ. अनुजा पोरवाल ने किडनी से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी दी है और बताया कि किन संकेतों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। डॉ. अनुजा पोरवाल ने बताया कि खानपान और खराब जीवनशैली के कारण किडनी पर बहुत दबाव पड़ता है, जिसके चलते आज के समय किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। किडनी की समस्या से कई स्थितियों में मौत भी हो जाती है। हालांकि, किडनी में खराबी होने से पहले ही शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। जिन्हें समय रहते पहचानना और इलाज करवाना जरूरी है।




सुबह-सुबह थकान और कमजोरी

अगर आप सुबह उठकर थकान या कमजोरी महसूस करते हैं तो यह एक गंभीर संकेत हो सकता है। किडनी की समस्या के कारण शरीर में टॉक्सिन जमा होने लगते हैं। इसके कारण सुबह उठने पर आपको हमेशा थकान महसूस होती है।

पेशाब में बदलाव

सुबह के पेशाब का रंग-मात्रा आपके गुर्दे के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संकेत है। यदि आपका मूत्र बहुत पीला, झागदार या असामान्य रंग का है या आपको बार-बार पेशाब करना पड़ता है तो यह गुर्दे की समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

पेट में ऐंठन और अधिक प्यास लगना

अगर सुबह उठते ही पेट में सूजन या ऐंठन महसूस होती है, तो यह किडनी फेल होने का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अगर आप सुबह उठते ही अक्सर प्यासे रहते हैं तो यह एक और संकेत हो सकता है। किडनी की समस्या के कारण शरीर में पानी का संतुलन नहीं बन पाता है, जिसके कारण आपको अधिक प्यास लगती है।


खुजली-त्वचा संबंधी समस्याएं-किडनी की समस्या के कारण शरीर में टॉक्सिन जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा पर खुजली, चकत्ते या अन्य समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप सुबह उठते ही त्वचा में असामान्य खुजली का अनुभव कर रहे हैं तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 17.9 मिलियन लोग हार्ट की बीमारी से मरते हैं। हार्ट अटैक से पहले शरीर कुछ संकेत देता है, जिसे नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है।

# सर्दियों में सेहत के लिए अमृत है फल,नहीं भटकेंगी बीमारियां, 5 फायदे

एक्सपर्ट ने बताएयोग गुरु और आयुर्वेद एक्सपर्ट हंसा योगेन्द्र ने पपीता खाने के फायदे बताए हैं। पपीते में हाई फाइबर, लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स, विटामिंस, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं।

सर्दियों के मौसम में स्वास्थ्य का बहुत ही ध्यान रखना पड़ता है। सर्दी के मौसम में इम्यूनिटी तेजी से कमजोर होने लगती है और बीमार होने का खतरा बढ़ने लगता है। ऐसे में पपीता का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। खाली पेट पीपते का सेवन करने से कब्ज दूर होता है और पाचन दुरुस्त रहता है। पपीते में कैलोरी बेहद कम होती है, जिससे वजन को कंट्रोल किया जा सकता है, क्योंकि इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पेट का भरा हुआ महसूस करवाता है। योग गुरु और आयुर्वेद एक्सपर्ट हंसा योगेन्द्र ने पपीता खाने के फायदे बताए हैं। ये शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है और एनर्जी देता है।

हंसा योगेन्द्र ने बताया कि बदलते मौसम में बॉडी को हेल्दी रखने के लिए पपीता बहुत ही फायदेमंद हो सकता है। इसके सेवन से कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। हेल्थलाइन के मुताबिक, पपीते में हाई फाइबर, लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स, विटामिंस, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो डायबिटीज मरीजों के लिए भी इसे हेल्दी बनाते हैं। पपीता एक ऐसा फल है जो ट्राइग्लिसराइड को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है। इसमें इंफ्लामेशन कंट्रोल करने वाले गुण भी मौजूद होते हैं।



पपीता खाने के फायदे

त्वचा में चमक

वजन घटाने में मदद

पाचन बेहतर

इम्यून सिस्टम मजबूत

शुगर लेवल कंट्रोल

पाचन के लिए अच्छा

पपीते में मौजूद पपेन एंजाइम होता है जो प्रोटीन को तोड़ने में मदद करता है। इसमें मौजूद फाइबर और पानी की मात्रा कब्ज को रोकती है। सर्दी में पाचन से जुड़ी परेशानियां जैसे कब्ज,गैस और एसिडिटी आदि परेशानी को दूर करता है

वजन घटाने में मदद

पपीते में कैलोरी कम और फाइबर ज्यादा होता है। खाली पेट पपीता खाने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और शरीर से टॉक्सिन बाहर निकलते हैं।

त्वचा में चमक

पपीते में विटामिन ए, सी, और ई होता है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और एजिंग साइंस को कम करते हैं। विटामिन, और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर पपीता स्किन में नमी बनाए रखने में मदद करता है।

काजू-बादाम नहीं ये ड्राईफ्रूट है कोलेस्ट्रॉल का काल, हार्ट समेत 3 बीमारियों से मिलेगी निजात, आचार्य बालकृष्ण ने बताए फायदे

इम्यूनिटी बूस्ट

पपीता इम्यूनिटी को मजबूत करता है और मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम और बुखार से बचाव करता है। पपीते में विटामिन ष्ट भरपूर मात्रा में होता है।

शुगर लेवल कंट्रोल

पपीते में प्राकृतिक शुगर की मात्रा कम होती है और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। पपीते का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। जिस फूड का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है उसे खाने के बाद ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ने का खतरा नहीं होता।

वहीं, सर्दियों के मौसम में एबीसी जूस यानी सेब, चुकंदर और गाजर का जूस सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।


# बॉडी में विटामिन बी12 की कमी को पूरा करेगा ये ड्राई फ्रूट, तुरंत खाएं

विटामिन बी12 बॉडी के लिए एक आवश्यक विटामिन है जो बॉडी के जरूरी कामों को पूरा करने में मदद करता है। विटामिन बी12 लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में मदद करता है। ये तंत्रिका कोशिकाओं को स्वस्थ रखता है और नर्व डैमेज से बचाव करता है। विटामिन बी12 डीएनए और आरएनए के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में ये विटामिन जरूरी है। ये विटामिन बॉडी को भरपूर एनर्जी देता है और कमजोरी को दूर करता है। बॉडी में इसकी कमी होने से एनीमिया हो सकता है। बॉडी में इस विटामिन की कमी होने पर बॉडी में उसके लक्षण दिखने लगते हैं। विटामिन बी12 की कमी के लक्षणों की बात करें तो बेहद थकान और कमजोरी होना, स्किन में पीलापन होना, हाथों-पैरों में झनझनाहट होना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होना, मांसपेशियों में कमजोरी, सांस लेने में दिक्कत होना,डिप्रेशन या मूड स्विंग्स जैसी परेशानी हो सकती है। बॉडी में इस विटामिन की कमी ज्यादातर शाकाहारी लोगों में होती है।




शाकाहारी लोग इसकी कमी को पूरा करने के लिए मिथाइलकोबालामिन का सेवन करते हैं। आमतौर पर विटामिन क्च12 की कमी को दूर करने के लिए सप्लीमेंट या इंजेक्शन के रूप में उपयोग किया जाता है। हालांकि मिथाइलकोबालामिन के उपयोग पर पर रोक लगी थी और स्नस्स्ड्ढ ने अभी तक इसके सेवन पर अपना रुख क्लियर नहीं किया है। बॉडी में इस जरूरी विटामिन की कमी को पूरा करने के लिए शाकाहारी लोगों के पास एक बेहतरीन विकल्प मौजूद है। अगर आप मांस मछली और अंडा से परहेज करते हैं तो आप रोजाना 4 खजूर खा लीजिए। खजूर का सेवन करने से बॉडी में विटामिन बी 12 की कमी पूरी होगी और बॉडी को अनगिनत फायदे भी होंगे। आयुर्वेद के मुताबिक अगर आप बॉडी में विटामिन बी 12 की कमी को पूरा करना चाहते हैं तो रोजाना दो से तीन खजूर का सेवन करें।

# भगवान शिव दुनिया के सभी धर्मों का मूल हैं,आचार्य जायन्तुजय महाराज



♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** शिव महापुराण कथा श्री राम नगर कॉलोनी काशी गंगा सोशल फाउंडेशन के तत्वाधान में तृतीय दिवस में भागवत कथा वाचक आचार्य जायन्तुजय जी महाराज प्रवचन के दौरान बताया कि भगवान शिव दुनिया के सभी धर्मों का मूल हैं। शिव के दर्शन और जीवन की कहानी दुनिया के हर धर्म और उनके ग्रंथों में अलग-अलग रूपों में विद्यमान है। भगवान शिव के अनमोल वचनों को 'आगम ग्रंथों' में संग्रहीत किया गया है। आगम का अर्थ ज्ञान अर्जन। शिव पुराण, शिव संहिता, शिव सूत्र, महेश्वर सूत्र और विज्ञान भैरव तंत्र सहित अनेक ग्रंथों में अनमोल वचनों को संग्रहीत करके रखा गया है। उनमें से ही कुछ अनमोल मोती... कल्पना ज्ञान से महत्वपूर्ण : आचार्य जी ने बताया की शिव ने ही कहा था कि 'कल्पना' ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण है। हम जैसी कल्पना और विचार करते हैं, वैसे ही हो जाते हैं। सपना भी कल्पना है। अधिकतर लोग खुद के बारे में या दूसरों के बारे में बुरी कल्पनाएं या खयाल करते रहते हैं। दुनिया में आज जो दहशत और अपराध का माहौल है उसमें सामूहिक रूप से की गई कल्पना का ज्यादा योगदान है।बदलाव के लिए जरूरी है ध्यान : आदमी को बदलाहट की प्रामाणिक विधि के बिना नहीं बदल सकते। मात्र उपदेश से कुछ नहीं बदलता। भगवान शिव ने अमरनाथ गुफा में माता पार्वती को मोक्ष की शिक्षा दी थी। पार्वती और शिव के बीच जो संवाद होता है उसे 'विज्ञान भैरव तंत्र' में संग्रहीत किया गया है।शून्य में प्रवेश करो : विज्ञान भैरव तंत्र में शिव पार्वतीजी से कहते हैं, ह्यआधारहीन, शाश ?वत, निश ?चल आकाश में प्रविष ?ट होओ।ह्न वह तुम ?हारे भीतर ही है। भगवान शिव कहते हैं- 'वामो मार्गः परमगहनो योगितामप्यगम्यः' अर्थात वाम मार्ग अत्यंत गहन है और योगियों के लिए भी अगम्य है।मेरुतंत्र...भगवान शिव के योग को तंत्र या वामयोग कहते हैं। इसी की एक शाखा हठयोग की है।आदमी पशुवत है : मनुष्य में जब तक राग, द्वेष, ईर्ष्या, वैमनस्य, अपमान तथा हिंसा जैसी अनेक पाशविक वृत्तियां रहती हैं, तब तक वह पशुओं का ही हिस्सा है। पशुता से ?मुक्ति के लिए भक्ति और ध्यान जरूरी है।भगवान शिव के कहने का मतलब यह है कि आदमी एक अजायबघर है। आदमी कुछ इस तरह का पशु है जिसमें सभी तरह के पशु और पक्षियों की प्रवृत्तियां विद्यमान हैं। आदमी ठीक तरह से आदमी जैसा नहीं है। आदमी में मन के ज्यादा सक्रिय होने के कारण ही उसे मनुष्य कहा जाता है, क्योंकि वह अपने



मन के अधीन ही रहता है। मरना सीखो : यदि जीवन में कुछ सीखना है तो मरना सीखो। जो मरना सीख जाता है वही सुंदर ढंग से जीना जानता है।गायत्री मंत्र : 'गायत्री-मंजरी' में शिव-पार्वती संवाद' आता है जिसमें भगवती पूछती हैं- 'हे देव! आप किस योग की उपासना करते हैं जिससे आपको परम सिद्धि प्राप्त हुई है?' उन्होंने उत्तर दिया- 'गायत्री ही वेदमाता है और पृथ्वी सबसे पहली और सबसे बड़ी शक्ति है। वह संसार की माता है। गायत्री भूलोक की कामधेनु है। इससे सब कुछ प्राप्त होता है। ज्ञानियों ने योग की सभी क्रियाओं के लिए गायत्री को ही आधार माना है। जीवन को सुखमयी बनाने के लिए : भोजन और पान (पेय) से उत्पन्न उल्लास, रस और आनंद से पूर्णता की अवस्था की भावना भरें, उससे महान आनंद होगा। या अचानक किसी महान आनंद की प्राप्ति होने पर या लंबे समय बाद बंधु-बांधव के मिलन से उत्पन्न होने वाले आनंद का ध्यान कर तल्लीन और तन्मय हो जाएं।प्रकृति का सम्मान करो : प्रकृति हमें जीवन देने वाली है, इसका सम्मान करो। जो इसका अपमान करता है समझो मेरा अपमान करता है। दुनिया का हर काम प्रकृति के नियमों और तरीकों से ही होता है, लेकिन अहंकार से ग्रसित लोग ऐसा मानते हैं कि सबकुछ वही कर रहे हैं।योग की शक्ति को समझो वितर्क आत्मज्ञानम्।कथावाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है। उन्होंनें भगवान का वर्णन करते हुए कहा कि मैंना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। अनेक प्रसंग को सुनाया कथा श्रोता में डॉ के एन सिंह, आनंद प्रकाश मिश्र, आराधना मिश्रा, चंदन सिंह, अजय सिंह, शिवनारायण सिंह, मंच संचालिका सीमा केसरी जी, अनूप रेनू खरे, माधुरी पाठक, शशि तिवारी अश्वनी त्रिपाठी अखिलेश मिश्र एवं आसपास नगर के हजारों संख्या में लोग कथा श्रवण किये।

# नियद नेल्ला नार योजना से माओवाद प्रभावित गांवों में विकास और सुशासन की नई शुरूआत

## स्वच्छ पेयजल और सोलर हाईमास्ट से बदली अबूझमाड़ के ग्रामीणों की जीवनशैली

- आजादी के बाद पहली बार मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में दुर्गम इलाकों में विकास की लहर

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के माओवाद प्रभावित इलाकों में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत नारायणपुर जिले के दूरदराज के गांवों में सोलर हाईमास्ट और सोलर ड्यूल पंप लगाकर ग्रामीणों के जीवनशैली में ऐतिहासिक बदलाव आ रहे हैं। क्रेडा विभाग की पहल से इन इलाकों में अंधेरा छंट गया है और अब ग्रामीण रात में भी सुरक्षित महसूस करते हैं। साथ ही, सोलर ड्यूल पंपों से मिल रहे स्वच्छ पानी ने ग्रामीणों की जिंदगी आसान बना दी है।



### स्वच्छ पेयजल की सुविधा से आया असाधारण बदलाव

क्रेडा ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ और माओवाद प्रभावित ग्रामों में सोलर ड्यूल पंपों की स्थापना की है। नारायणपुर जिले के ग्राम कोडोली (कस्तुरमेटा), ओकपाड़, हिकपाड़, ईरकभट्टी, कानागांव, मसपुर, मेटानार और मोहंदी जैसे गांवों में इन पंपों से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इन प्रयासों के माध्यम से अब ग्रामीणों को गांव में ही शुद्ध और साफ पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें अब पानी के लिए दूर-दराज के स्थानों पर जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ती। इससे उनकी दैनिक जिंदगी में असाधारण बदलाव आया है और जल संकट जैसी समस्याएं हल हो गई हैं। यह पहल न केवल ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डाल रही है।

### सोलर हाईमास्ट से रोशन हुए अबूझमाड़ के गांव

नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड के ग्राम मसपुर, मेटानार, कस्तुरमेटा और हिकपाड़ में सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की गई है। इन सौर ऊर्जा संचालित संयंत्रों से इन गांवों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है, जिससे न केवल गांवों में सुरक्षा का स्तर बढ़ा है, बल्कि ग्रामीणों को अब रात में भी बिना किसी परेशानी के विभिन्न गतिविधियों को अंजाम देने की सुविधा मिल रही है। इन संयंत्रों की मदद से ग्रामीण अब रात्रिकालीन बैठकें, सामुदायिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, और अन्य सामाजिक गतिविधियां सहजता से आयोजित कर सकते हैं। इससे गांवों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है, और स्थानीय समुदाय को विकास की नई दिशा मिली है।

### मुख्यमंत्री श्री साय का अबूझमाड़ इलाके को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के इन प्रयासों को ग्रामीणों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। मसपुर और मेटानार के ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। क्रेडा विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप सोलर हाईमास्ट, सोलर पेयजल संयंत्र और सौर सुजला योजना के तहत सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा संचालित उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। इन संयंत्रों की स्थापना से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, जो उन्हें समाज के अन्य वर्गों के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास है। नियद नेल्ला नार योजना ने न केवल इन गांवों को रोशन किया है, बल्कि यहां के निवासियों के जीवन में नई उम्मीदें और संभावनाएं भी जगाई हैं।

# मेघनगर शासकीय महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय मेघनगर में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा कैंप में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक रूल्स के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यालय और लर्निंग लाइसेंस कैंप में कुल 53 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। आरटीओ श्रीमती कृतिका मोहटा द्वारा बताया गया कि लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया शासन द्वारा फैसलेस की जा चुकी है, जिसे आवेदक स्वयं अपने



मोबाइल से भी निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण कर बना सकते है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया ऑनलाइन चरणवार समझाई गई, जिससे वे स्वयं अपना लाइसेंस प्राप्त कर सके।

# जोधपुर-बठिंडा ट्रेन 23 से 29 जनवरी तक सूरतगढ़ तक ही संचालित होगी

## भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस आवगमन में 9 ट्रिप बदले मार्ग से होगी संचालित

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** सूरतगढ़-बठिंडा रेलखंड पर तकनीकी कार्य कराए जाने के कारण जोधपुर-बठिंडा एक्सप्रेस ट्रेन 23 से 29 जनवरी तक सात ट्रिप सूरतगढ़ स्टेशन तक ही संचालित की जाएगी। इसके साथ ही इस कार्य के कारण दो अन्य ट्रेनें भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस तथा भावनगर टर्मिनस-शहिद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार सूरतगढ़-बठिंडा रेलखंड पर इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेन 14721,जोधपुर-बठिंडा एक्सप्रेस 23 से 29 जनवरी तक 7 ट्रिप जोधपुर से सूरतगढ़ तक ही संचालित होगी तथा वापसी में ट्रेन 14722,अबोहर-जोधपुर एक्सप्रेस 25 जनवरी से 2 फरवरी तक अबोहर के स्थान पर सूरतगढ़ से जोधपुर तक संचालित होगी अर्थात ट्रेन अबोहर से सूरतगढ़ स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से होगी संचालित -ट्रेन 19225,भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस 25 जनवरी से 2 फरवरी तक 9 ट्रिप परिवर्तित मार्ग सूरतगढ़-श्रीगंगानगर-बठिंडा होकर संचालित होगी तथा रायसिंहनगर,श्रीकरणपुर व श्रीगंगानगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। -ट्रेन 19226, जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस 24 जनवरी से 1 फरवरी तक 9 ट्रिप परिवर्तित मार्ग बठिंडा-श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ होकर संचालित होगी व श्रीगंगानगर, श्रीकरणपुर व रायसिंहनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 19107/19108,भावनगर टर्मिनस-शहिद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन-भावनगर टर्मिनस एक्सप्रेस साप्ताहिक जो भावनगर टर्मिनस से 26 जनवरी को व शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन से 20 जनवरी को प्रस्थान करेगी वह आगमन में परिवर्तित मार्ग सूरतगढ़-श्रीगंगानगर-बठिंडा होकर संचालित होगी।

# जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

## 26 जनवरी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में राहुल गांधी की मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन होगा

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार 3 जनवरी से संपूर्ण प्रदेश में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम जिले और ब्लॉक स्तर पर चलाया जा रहा है जिसका समापन 26 जनवरी को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में विशाल समापन कार्यक्रम आयोजित होगा जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रमकी रूपरेखा एवं जिला कांग्रेस कमेटी की भागीदारी सुनिश्चित के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त ने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कांग्रेस के पदाधिकारी समस्त ब्लॉक अध्यक्ष युवक कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन महिला कांग्रेस व अन्य मोर्चा संगठन के अध्यक्षों की उपस्थिति में जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र की सरकार वन मेंशन वन इलेक्शन और देश को बांटने में लगी हुई है इन्हें बेरोजगारी महंगाई से कोई लेना-देना नहीं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा धर्मनिरपेक्षता की अलख देश में जगाई है भाजपा देश के युवाओं को बरगला रही है कांग्रेस पार्टी



जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम को लेकर जनता जनार्दन के बीच कांग्रेस पार्टी की रीती नीतियों को लेकर जाएगी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित समापन कार्यक्रम में जिले भर से कार्यकर्ता उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने भी समस्त पदाधिकारी को अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में महू पहुंचने के लिए आग्रह किया विधायक डॉ विक्रांत भूरिया ने भी जय बापू जय भीम जय संविधान के कार्यक्रम को ब्लॉक स्तर पर में च लाने के लिए पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुट जाने के लिए आग्रह किया आयोजित बैठक का संचालन करते मध्य प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता ने समस्त पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष को जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया बैठक को विधायक वीर सिंह भूरिया पूर्व विधायक वाल सिंह मेडा जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल भाबर जिला कांग्रेस सह प्रभारी गिरीश जायसवाल ने भी संबोधित किया इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी आशीष भूरिया मानसिंह मेडा हेमचंद डामोर साबिर फिटवेल कैलाश डामोर जितेन सिंह राठौड़ सलिल पठान नर्वेश अमलियार कीलु भूरिया काना गुडिया रूपसिंह डामोर जसवंत भाबर सुरेन्द्र गरवाल सायरा बानो अरूण ओहारी, वीणा कुंवर बसंती बाई वसीम सैयद दरियाव मेडा प्रताप सिंह सहित सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और समस्त ब्लॉक अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

## बच्चों को पौष्टिक भोजन और नास्ता साफ-सफाई के साथ खिलाने के निर्देश

- आंगनबाड़ी बंद पाए जाने पर कार्यकर्ता, सहायिकाओं पर होगी कड़ी कार्यवाही

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने नारायणपुर जिले के बिंजली, पालकी और तेलसी आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरूआत पालकी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 से हुई। कलेक्टर ने केंद्र की साफ-सफाई का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत कर उनका परिचय लिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपना परिचय दिया। कलेक्टर ने सहायिकाओं से नाश्ता और पौष्टिक भोजन की जानकारी ली और बच्चों के औपचारिक ज्ञान की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं की देखभाल और पोषण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट फूड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और इसे स्वच्छता के साथ समय पर बच्चों को परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायिकाओं को बच्चों को शौचालय उपयोग करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए प्रेरित किया। पालकी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 के निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने शिशुवती मां सगनी दुग्गा से मुलाकात की, जो अपने बच्चे का वजन कराने




आई थीं। कलेक्टर ने सगनी से अस्पताल में डिलीवरी के दौरान मिलने वाली सुविधाओं और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत दी गई राशि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं से गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, टीकाकरण, और स्वास्थ्य जांच की स्थिति की जानकारी ली। केंद्र के भंडार कक्ष में रखे रेडी-टू-ईट फूड के पैकेटों को सावधानीपूर्वक और सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। बिंजली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 के निरीक्षण में कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति, पोषण ट्रैकर की एंट्री और पौष्टिक भोजन की समयबद्धता का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध टेलीविजन का उपयोग बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां और चित्रों के माध्यम से सिखाने के लिए करने को कहा। तेलसी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ते, पौष्टिक भोजन और रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों की गुणवत्ता की जांच की गई। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी रविकांत ध्रुवे को आंगनबाड़ी केन्द्र बंद पाए जाने पर कार्यकर्ता सहायिकाओं के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं लगाया गया है, उसे शीघ्र ही दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

# क्षय उन्मूलन केंद्र के तत्वाधान में जिले में चलाया जा रहा निक्षय निरामय अभियान

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेगा पालक शिक्षकगण बैठक में जिला क्षय उन्मूलन केंद्र के तत्वाधान में निक्षय निरामय अभियान 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम 23 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। उक्त अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ, मलेरिया एवं वयोवृद्ध के बारे जागरूक किया गया, जिसमें टीबी के लक्षण बचाव एवं रोग के निदान के बारे में जानकारी दिया जाएगा। अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी आ रहा हो, वजन लगातार घट रहा हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो, भूख कम लगना, छाती में दर्द, शाम के समय बुखार आना इत्यादि टीबी रोग के लक्षण हैं। इसके बचाव के लिए रोगी स्वयं अपनी जांच नजदीकी स्वस्थ केंद्र में जाकर बलगम की जांच व एक्स रे जांच कराए, रोग से बचाव के लिए




भीड़ भाड़ से बचे, मास्क का उपयोग करें, यहां वहां न थूके इत्यादि विषयों पर पालकगण एवं बच्चों को जागरूक कर शपथ दिलाई गई। इस दौरान लगभग 60 अभिवावक, 140 छात्र एवं 15 शिक्षकगण मौजूद थे कार्यक्रम के बारे में



विस्तार से पिरामल फाउंडेशन से विराग जी एवं स्वास्थ्य विभाग से पीपीएम द्वारिका शाहू ने जानकारी प्रदान की। एवं उच्च जोखिम वाले लोगों को एक्सरे करवाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मनोज बागड़े एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य ने अपने उद्बोधन से जानकारी दिया।

# उदयपुर में केन्द्र सरकार के चिंतन शिविर में शामिल होंगी मंत्री सुश्री भूरिया

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया राजस्थान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरे चिंतन शिविर में शामिल होंगी। उदयपुर में 10 से 12 जनवरी के बीच इस चिंतन शिविर में सभी राज्यों की महिला एवं बाल विकास मंत्री मौजूद रहेंगी। मंत्री सुश्री भूरिया शिविर में झाबुआ जिले में किए गये नवाचार कुपोषण मुक्त अभियान के तहत मोटी आई कान्सेज के संबंध में जानकारी साझा करेंगी। झाबुआ जिले में लागू इस नवाचार के सुखद और सकारात्मक परिणाम मिले है। केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने झाबुआ में शुरू किए गये नवाचार की सराहना की थी। राजस्थान के उदयपुर में हो



रहे चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्रियों के साथ-साथ राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। ये अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों, पोषण आहार तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर और राज्यों की जरूरत के अनुसार रोड मैप तैयार करेंगे।

# महाकुम्भ में दिखेगी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

## बुंदेलखंड के ललितपुर के गांव दिखाएंगे जल जीवन मिशन की नई तस्वीर

## 2017 से पहले और इसके बाद के बुंदेलखंड के बदलाव की दिखेगी गाथा

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 में देश-विदेश से आने वाले 40-45 करोड़ श्रद्धालु यूपी के 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर भी देखेंगे। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी रूबरू होंगे। 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा भी दिखेगी। 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी दिखेगी। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर श्रद्धालुओं को अवगत कराएगी। वहीं डिजिटल कॉर्नर में पहुंचकर उत्तर प्रदेश का हर नागरिक अपने गांव में जल, टैब, जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति भी जान सकेंगे।

**'जल मंदिर' भी देगा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें** - ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'जल मंदिर' भी बनाया जाएगा। 'जल मंदिर' में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसे बर्बाद न करें, बल्कि संरक्षण करें। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।





**'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन करेगा नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग-** 'अतिथि देवो भवः' भारत की परंपरा है। स्वच्छ सुजल गांव में आने वाले अतिथियों का नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग सम्मान भी करेगा। आगंतुकों को जूट-कपड़े के बैग में 'जल प्रसाद' भी दिया जाएगा। इसमें संगम का जल, जल जीवन मिशन की डायरी, सफलता/बदलाव की कहानी से जुड़ी अध्ययन सामग्री आदि भी रहेगी।

**डिजिटल गेमिंग जोन में जानेंगे स्वच्छ जल के फायदे व दूषित जल के नुकसान** - इस गांव में डिजिटल स्क्रीन, डिजिटिल गेमिंग जोन लॉन्च किया जाएगा। गेम जोन का हिस्सा बनकर लोग जानेंगे कि स्वच्छ पेयजल के फायदे व दूषित पेयजल के नुकसान क्या हैं। लोग खेल-खेल में डिजिटली जान सकेंगे कि जल संरक्षण क्यों जरूरी हैं। डिजिटल कॉर्नर में आए यूपी के ग्रामीण एक क्लिक में अपने गांव में पानी, टैब, जलापूर्ति आदि से जुड़ी जानकारी की वास्तुस्थिति से भी अवगत हो सकेंगे।

### महाकुम्भ में 10 जनवरी से 26 फरवरी तक बसेगा गांव

*योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसा लिया है। इस गांव का दर्शन 10 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। 47 दिन तक इस गांव में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बदलाव की कहानी भी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के कई गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को वे बयां करेंगी। यहां हर जानकारी पांच भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी) में मिलेगी।*

# डिजिटल केंद्रों पर मिलेगा खोया सामान, मिलेगी घाटों की जानकारी

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करते हुए पुलिस ने दस डिजिटल खोया पाया केंद्रों की स्थापना की है। डिजिटल खोया पाया केंद्रों में वेटिंग रूम भी रहेंगे। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अलग से मेडिकल रूम बनाया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट एरिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में 55 इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। खोए-पाए सामान और व्यक्तियों के बारे में लाइव जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुम्भ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

**सामान्य दिनों में 5 और स्नान पर्व पर रहेंगे 9 कर्मचारी-** एडीजी जोन भानु भास्कर ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके आने-जाने और स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में 5 कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान 9 कर्मचारी तैनात रहेंगे। खोए पाए व्यक्तियों की दर्ज होगी गुमशुदगी मिलेगी रसीद खोए-पाए व्यक्तियों की जानकारी कंप्यूटर पर दर्ज की जाएगी और सूचना देने वाले को कंप्यूटराइज्ड रसीद प्रदान की जाएगी। 55 इंच के बड़े एलईडी स्क्रीन पर खोए व्यक्तियों की फोटो और विवरण प्रसारित किए जाएंगे। सभी केंद्र एक-दूसरे से आधुनिक संचार प्रणाली द्वारा जुड़े हुए हैं। सूचना का प्रसारण फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी होगा।

**इन केंद्रों पर मिलेंगे गुम हुए बच्चे, मोबाइल, पर्स और सामान-** 1. सेक्टर-04: मुख्य केंद्र 2. सेक्टर-03: अक्षयवट पंडाल 3. सेक्टर 03: संगम नोज 4. सेक्टर-18: ऐरावत द्वार 5. सेक्टर-23: टेंट सिटी 6. सेक्टर-23: अरैल पक्का घाट 7. सेक्टर-06: प्रमुख घाट 8. सेक्टर-14: बड़ा झूसी घाट 9. सेक्टर-17: संगम क्षेत्र 10. सेक्टर-08: प्रमुख स्नान क्षेत्र

**पूछताछ केंद्र : श्रद्धालुओं की हर समस्या का होगा समाधान-** महाकुम्भ में यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में पूछताछ केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महाकुम्भ, प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। पुलिस थानों, चौकियों, फायर स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालयों का विवरण।

# विहिम प्रदेश अध्यक्ष का शास्त्री चौक पर भव्य स्वागत किया

♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर/वाराणसी।** रामनगर में बुधवार को विहिम प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति का भव्य स्वागत किया गया। वह मिजार्पुर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान, उन्होंने देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रजापति ने शास्त्री जी की जीवनी और उनके द्वारा दिये गये श्रम का बखान किया। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी ने न केवल भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि वे अपनी दृढ़ता और दृढ़ता के लिए भी जाने जाते हैं।

महासंघ के कार्यकताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने शास्त्री जी की जीवनी और उनके द्वारा दिये गये श्रम का बखान किया। प्रजापति ने कहा कि शास्त्री जी ने न केवल भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि वे अपनी दृढ़ता और दृढ़ता के लिए भी जाने जाते हैं।शास्त्री जी के बारे में बात करते हुए प्रजापति ने कहा, "उनका प्रसिद्ध नारा 'जय जवान, जय किसान' आज भी हमारे देश की आत्मा को छूता है।



उनकी दृष्टि से देश के जवानों और किसानों के बीच एक मित्रतापूर्ण संबंध स्थापित हुआ। हमें उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने समाज की सहमति के लिए अपनी निष्ठा को निभाना चाहिए।उन्होंने आगे कहा, ₹इस समय देश में कई ऐसी शक्तियां है जो हमें तोड़ना चाहती हैं,एक साथ आने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति जागरूकता फैलाना ही हमारी परंपरा है।

उहोंने कहा कि 'बंटेंगे तो कटेंगे'। इस अवसर मातृ शक्ति प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष मिश्र ने गोरक्षा पीठाधीश्वर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की,उन्होंने कहा कि आज तक के इतिहास में योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं हुआ। दुनिया के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली नेता हमारे पीएम मोदी हैं और देश में जब सभी मुख्यमंत्रियों की तुलना होती है तो सबसे अच्छा काम सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में किया जा रहा है।मातृ शक्ति प्रकोष्ठ अध्यक्षा ने सभी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि महाकुंभ में जरूर से शामिल हो, और पुण्य के भागी बने।इस मौके पर मंडल प्रभारी तपेश्वर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर केसरी, काशी संभाग प्रभारी मनोज श्रीवास्तव,मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता, राधेश्याम साहनी, रामेश्वर गुप्ता, राजकुमार निषाद, बंधु गुप्ता, गणेश चौधरी,संदीप श्रीवास्तव, बलवंत नारायण झा, रामू यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घाट सन्ध्या मे अमेरिका के पं सुमन घोष ने किया गायन से विभोर

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** गुरुवार को घाट सन्ध्या में अमेरीका निवासी कलाकार पं सुमन घोष का गायन हुआ।आप पद्मविभूषण पं जसराज के शिष्य है। आपके साथ तबला संगति रही डॉ अमित ईश्वर की तथा संवादिनी पर साथ दिया श्री हर्षित उपाध्याय ने। पं सुमन ने गायन का आरम्भ किया राग भीमपलासी मे निबद्ध श्री कृष्ण भजन से बोल थे गोविंद गोकुलानंदम इसके उपरांत राग कलावती मे निबद्ध श्रीं राम चरित्र की चौपाई सुनाया बोल थे भरत हित हमार सियपति सेवकाई साथ ही राग मालकौंस मे निबद्ध शिव जी की महिमा पर आधारित भजन पशुपति अष्टकम से लोगों को भक्ति भाव से विभोर किया अंत मे राग कौशिकध्वनि मे स्वयं द्वारा स्वरबद्ध संत कबीर के पदों को प्रस्तुत कर विभोर किया बोल थे गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागू पाय ।कलाकार को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया श्रीं बालेश्वर तिवारी तथा श्रीं सुजीत ठाकुर द्वारा ने । संचालन किया डॉ प्रीतेश आचार्य ने।



# कानपुर में लावारिस शवों को कंधा अभियान के अन्तिम दिन शामिल हुई सैकड़ों बौद्ध महिलायें

## कानपुर में अब तक 16000 लावारिस लाशों का संबंधित धर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करा चुकी समाज कल्याण सेवा समिति...

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** जिनका कोई नहीं होता ,उनका इंसान के रूप में ईश्वर ,अल्लाह और गॉड ही होता है। यह कथन लागू होता है, उन लोगों के संदर्भ में दुनिया को अलविदा कहने के समय जिनके साथ उनके लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई नहीं होता, लेकिन फिर भी ईश्वर ,अल्लाह और गॉड इंसान के रूप में उनके लावारिस शव का अंतिम संस्कार अवश्य कराते हैं। यहां बात हो रही है ,कानपुर की उस समाज कल्याण सेवा समिति की जो अबतक 16000 से ज्यादा लावारिस लाशों का संस्कार मरने वाले व्यक्ति के संबंधित धर्म के अनुरूप कर चुकी है। इसी संस्था ने कानपुर में लावारिश शवों के पांच दिवसीय कन्धा दान का अभियान भी चलाया ,जिसके अन्तिम दिन इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समुदाय की सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने इन लावारिशों को कंधा देने के साथ ही उनके बिछड़े दुखी परिजनों के आत्म शान्ति के लिये तथागत गौतम बुद्ध व ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस कन्धा दानियों में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शवों पर फूलों की वर्षा भी की, जिससे पोस्ट मार्टम से एक किलोमीटर की दूरी तक सड़क फूलों से पटी रही। इस शव यात्रा में हे मानव तू मुख से बोल बुद्धम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि का उच्चारण करते हुए शव यात्रा को अन्तिम विदाई दी गयी।



महिलाओं द्वारा दिये जा रहे कन्धादान अभियान में एक दूसरे से कन्धा बदलते नजर आयीं। इस मौके पर शव यात्रा में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि सभी धर्मो के लोग इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विगत 15 वर्षों से हम गंगा को प्रदूषण से बचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 16000 लावारिश शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार करा चुके हैं। जिससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में भी सफलता मिली। इस मौके पर मनीषा पैंथर,अनीता जैसवार, आरती राव,कुं आरती राव,सीमा संखवार,पिंकी चंडा,सरोज गौतम,शालिनी गौतम, कांति, बबली गौतम,रुक्मणी,सुधा गौतम ,रेखा,नीलू खन्ना, फूलमती, सर्वेश कुमारी, निशा, राजू देवी,फूल दुलारी, शीला देवी, गुड़िया सहित आदि महिलाए मौजूद रही।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के समारोह की तैयारियां जोरों पर

♦भारत टाइम्स♦

**अयोध्या/प्रदीप कुमार श्रीवास्तव।** अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। यह समारोह 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें आम लोगों को भी शामिल किया जाएगा, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। रामलला पीतांबरी पहनकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे। रामलला के लिए दिल्ली में विशेष वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इन वस्त्रों की बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तार से की जा रही है। साथ ही जगह-जगह चांदी की छाप भी बनाई जा रही है। यह वस्त्र 10 जनवरी तक अयोध्या पहुंच जाएंगे।

**रामलला के अभिषेक से होगा शुभारंभ-** 11 जनवरी को समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी।

### आम लोगों को मिलेगा समारोह में शामिल होने का मौका

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। अंगद टीला स्थल पर एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

### सीएम योगी करेंगे रामलला का अभिषेक

मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, यज्ञ स्थल पर सजावट और उत्सव की तैयारियाँ चरम पर हैं। मंडप और यज्ञशाला इन उत्सवों के प्रमुख स्थल होंगे। आम लोगों के लिए राम मंदिर समारोह का हिस्सा बनने का यह एक दुर्लभ अवसर है। इससे पहले, पांच जनवरी को एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को यहां मंदिर में राम लला का अभिषेक करेंगे। चंपत राय ने पहले कहा था कि 11 जनवरी को अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्रतिमा की स्थापना का एक साल पूरा हो रहा है। ट्रस्ट ने पहले ही देश भर के संतों और भक्तों को निमंत्रण भेज दिया है।

# कुम्भ मेला हेतु प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों पर स्थापित ऑब्जरवेशन रूम में चिकित्सकीय सुविधाएँ

♦भारत टाइम्स♦

**संजय यादव। वाराणसी।** नौ जनवरी को महाकुम्भ 2025; के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था की गयी हैं। इन सुविधाओं में 24/7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विशेष चिकित्सा सेवाएं:-महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी रेलवे स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में डॉक्टर और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ हर समय मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।आधुनिक चिकित्सा उपकरण : ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे:- ECG मशीनः हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए। डिफि बिलेटरः दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए।ऑक्सीजन सिलेण्डर एवं ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटरः ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए। ग्लूकोमीटरः रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है। निबोलाईजर : स्वसन सम्बन्धीत समस्या के निरकरण के लिए ।स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ की तैनातीःप्रयागराज रामबाग एवं झूंसी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां डॉक्टर- घायल और बीमार तीर्थयात्रियों और ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करेंगे। गंभीर रोगियों को वहां मौजूद एंबुलेंस द्वारा निकटतम अस्पताल तक पहुंचाने की सुविधा प्रदान करेंगे। किसी भी आपात स्थिति में मेला चिकित्सा अधिकारी/मेला समन्वयक अधिकारी को सूचित करेंगे और अपनी शिफ्ट की दैनिक रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।ऑब्जर्वेशन रूम्स में तैनात फार्मासिस्ट- रोगियों को दवा वितरित करेंगे और दवा वितरण कक्ष और वहां मौजूद उपकरणों को उचित क्रम में रखेंगे। दवाओं, ड्रेसिंग सामग्री और मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों के लेखा-जोखा के लिए जिम्मेदार होंगे। दवा खाता और दवा रजिस्टर बनाए रखेंगे। आपातकालीन स्थितियों में चिकित्सा अधिकारी की सहायता करेंगे और चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में स्वतंत्र रूप से आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करेंगे।ऑब्जर्वेशन रूम्स में निम्नलिखित स्टाफ तैनात रहेगाः डाक्टरः 12,स्टाफनर्सः 18 फार्मासिस्टः 18 हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए): 48 हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए): 18 कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें।




# 430वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना



♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 430वाँ युगऋषि वाय की स्थापना ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है- उमानंद शर्मा। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ह्यह्यआदर्श इन्टर कॉलेज, काजीपुर, खेमीपुर, हरदोई, उ0प्र0ह्लह्ल के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 430वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता श्री जयप्रकाश कुशवाहा ने अपने पूज्य माताजी की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षिकाओं को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्य स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। डा० नीलम गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रधानाचार्य श्री नीतीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर श्री उमानंद शर्मा, डा० नीलम गुप्ता, श्रीमती सावित्री शर्मा, श्री देवेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य श्री नीतीश कुमार सहित संस्थान की शिक्षक, शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

जिस सेक्टर में ड्यूटी, वहीं रात्रि विश्राम करें अधिकारीः मुख्यमंत्री...

# यूपी के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है महाकुम्भः मुख्यमंत्री

## यूपी ही नहीं कई राज्यों की पूरी कैबिनेट कर रही संगम स्नान की तैयारीः मुख्यमंत्री

- जल निगम को निर्देश, शुद्ध पेयजल-स्वच्छ शौचालय सबसे बड़ी प्राथमिकता, पूरे मेला परिसर में सुनिश्चित करें व्यवस्था
- महाकुंभ के पहले स्नान पर्व से ठीक पहले मुख्यमंत्री योगी ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण
- पौष पूर्णिमा से पहले प्रयागराज में दो चलेगा दो दिनी विशेष स्वच्छता अभियान
- सुसज्जित प्रयागराज के विभिन्न स्वागत द्वारों, नक्षत्र वाटिका सहित अनेक नवीन कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया डिजिटल लोकार्पण





♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए पूरी दुनिया में अपूर्व उत्साह है। हर कोई प्रयागराज आने की तैयारी कर रहा है। देश के भीतर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों की पूरी कैबिनेट संगम स्नान करने की तैयारी कर रही है। अब तक 80% टेंट की बुकिंग हो चुकी है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फॉउंडेशन और आईआईटी जैसी संस्थाएं इस बार महाकुम्भ के विविध आयामों पर शोध-अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन करने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का यह अवसर उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है। उत्तर प्रदेश को इसका लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सनातन भारतीय संस्कृति के इस सबसे बड़े उत्सव के सफल आयोजन में 'टीम यूपी' अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रतिबद्ध है। 12 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के पहले स्नान में अब महज तीन दिन ही शेष हैं। इससे पहले दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत न केवल मेलाक्षेत्र में हो रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया, बल्कि प्रयागराज नगर और आस-पास के जिलों में इस संबंध में की जा रही तैयारियों की भी





समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रयागराज को आकर्षक स्वरूप देने वाले गंगा, यमुना व सरस्वती स्वागत द्वारों और नक्षत्र वाटिका साहित अनेक नवीन कार्यों का मुख्यमंत्री ने डिजिटली लोकार्पण भी किया। प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आइसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों से बारी-बारी उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से जुड़ी जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने इंटेलिजेंस को और बेहतर करने के निर्देश दिए, वहीं यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन/आपदा की स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स के लिए बेहतर प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी की तैनाती जिस सेक्टर में वह रात्रि विश्राम उसी सेक्टर में करे। क्राउड मैनेजमेंट पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ का महाकुम्भ में भीड़ का भारी दबाव होना स्वाभाविक है। इसलिए क्राउड मैनेजमेंट की कार्ययोजना तैयार करके उसकी व्यवहारिकता का परीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने दूसरे जिलों से प्रयागराज की ओर आने वाले मार्गों पर लगातार पुलिस की गश्त बनाये रखने की जरूरत बताई। पौष पूर्णिया से पहले दो दिनी विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से इसमें प्रतिभाग की अपील की। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रयागराज नगर हो अथवा मेला क्षेत्र, अतिक्रमण कहीं नहीं होना चाहिए। मेलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि महाकुम्भ के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जा चुकी है। सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो गई है। अब तक सभी 30 पांटून पुल, सभी 626 साइनेज, 635 किमी चकर्ड मार्ग, पेयजल के लिए 503 किमी डीआईपी लाइन, 573 किमी जीआईपी लाइन, 5590 पेयजल स्टैंड पोस्ट, 200 किमी ड्रेनेज निकासी लाइन, 54700 स्ट्रीट लाइट, 173 किमी एचटी लाइन, 1310 किमी एलटी लाइन, 227 बिजली सब स्टेशन की स्थापना की जा चुकी है। इसी तरह, 100 बेड का एक, 25-25 बेड के दो, 20-20 बेड के चार व 60 बेड के बर्न यूनिट सहित प्रयागराज नगर के निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त बेडों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा चुकी है। जल निगम को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर श्रद्धालु को शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। पेयजल पाइपलाइन जहां नहीं पड़ी है, वहां तत्काल व्यवस्था ठीक की जाए। तैयारियों पर संतोष जताते हुए मुख्यमंत्री ने अवशेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक शौचालय, संस्थाओं के शौचालय, सरकारी विभागों के शिविरों में शौचालयों की स्थापना का काम तेजी से पूरा कराया जाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि इनकी सफाई नियमित रूप से हो जाए। निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली-प्रयागराज मार्ग का कार्य थोड़ा सा शेष है, इसे तेजी के साथ पूरा कर लें।

# ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो, गौ आश्रय स्थलों में विशेष इंतजाम कर रही योगी सरकार

## गौआश्रय स्थल जाकर गौवंश की जांच करेंगे पशु चिकित्साधिकारी

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी गौवंश की ठंड के कारण मृत्यु न हो। इसके लिए प्रदेशभर के गौ आश्रय स्थलों पर त्रिपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का दौरा करें और वहां गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि एवं देखभाल सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि हर गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत केयरटेकर रात में वहीं रुकें और गौवंश की देखभाल के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से करें।

**निराश्रित गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को लेकर योगी सरकार प्रतिबद्ध-** सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी न हो। इसके अलावा, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया है ताकि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और अन्य सहयोगी विभागों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय बनाकर गौ संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें। चारागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और मनरेगा के माध्यम से बहुवर्षीय और सीजनल चारे की बुआई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

**25 फरवरी तक पूरा करें सभी निर्माण कार्य-** योगी सरकार ने सभी अवस्थापना संबंधी कार्यों को 25 फरवरी 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कार्यदायी संस्थाएं मानक और लेआउट के अनुसार उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करें। गौवंश शेड, पानी पीने की सुविधाएं, चारे का स्थान और खडंजा जैसी संरचनाओं को मजबूती और व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जाए। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि जिन गौ आश्रय स्थलों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। बता दें कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7,696 गौ आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है।

# भारतीय पत्रकार समिति छ.ग.के प्रदेश महासचिव बने अखिलेश जायसवाल, संभागाध्यक्ष प्रफुल्ल यादव व जिला अध्यक्ष बने राजेश प्रसाद गुप्ता

♦भारत टाइम्स♦

**अम्बिकापुर/इमरान अंसारी।** भारतीय पत्रकार समिति छत्तीसगढ़ का सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के इंद्र शांति होटल में संभाग स्तरीय पत्रकार संघ का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय पत्रकार समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष परस साहू के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में ही पत्रकार अखिलेश जायसवाल को भारतीय पत्रकार समिति छत्तीसगढ़ का प्रदेश महासचिव नियुक्त करते हुए माल्यार्पण से स्वागत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।साथ ही पत्रकार प्रफुल्ल यादव को सरगुजा संभाग अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया, तो वहीं सरगुजा जिला अध्यक्ष का



दायित्व युवा पत्रकार राजेश गुप्ता को मिला।इस मौके पर सभी पत्रकारों ने कलम के सिपाही पत्रकार स्वर्गीय मुकेश चन्द्राकार को दो मिनट की मौन रख श्रद्धांजलि दिया। बाद इसके प्रदेश अध्यक्ष साहू ने बैठक में शामिल पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा - साथियों हम छोटे पत्रकारों के लिए संगठन निहायत जरूरी है। संगठन की परिभाषा है विचारों की एकरूपता। दायित्वों का बखूबी निर्वहन। बैठक आहूत करने का मकसद पत्रकार साथियों को एक सूत्र में पिरोना। ताकि सब कंधे से कंधा मिलाकर चल सके, चलते रहे। और अपने सशक्त लेखनी से दीर्घ काल तक औरो के जेहन में जिंदा रहे। अपने कलम के ताकत से एक नई इबारत लिख सके इन्कलाब ला सके। संगठनात्मक ढांचा को उंचाई तक ले जा सके। न्याय संगत निष्पक्ष निर्भीक लेखनी से एक नया आयाम स्थापित कर सके। प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक मिडिया किसी भी क्षेत्र के पत्रकार हों सबका लक्ष्य एक ही है। सच्चाई को उजागर करना। आगे उन्होंने कहा पूरे लगन निष्ठा के साथ संगठन में रहते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करते रहना है। साथ ही सरकार द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लाने के बारे में भी चर्चा किया। कार्यक्रम में शामिल वरिष्ठ पत्रकार श्याम शर्मा ने पत्रकार साथियों से विचार साझा करते हुए कहा हम सब एक हैं हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं है बल्कि भ्रष्ट नितियों से है हम पत्रकारों का हर कदम ना-इंसाफी भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए होना चाहिए। पत्रकारिता क्षेत्र में लालच की कोई गुंजाइश नहीं है। और यदि लालच है तो निश्चित है कि चौथा स्तम्भ के दामन पर बदनुमा दाग है।

# नरेंद्र गहलोत बने जर्सी स्पॉन्सर

♦भारत टाइम्स♦

**कोयम्बटूर।** खेलप्रेमी नरेन्द्र गहलोत सीरवी ने कोयम्बटूर का लोकप्रिय क्लब राजस्थान स्पोर्ट्स क्लब वॉलीबॉल टीम को जर्सी स्पॉन्सर कर चेन्नई में होने जा रही 11,12 जनवरी 2025 दो दिवसीय वॉलीबॉल साउथ फेडरेशन प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम के लिए टीम को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।नरेन्द्र गहलोत इसके पहले भी जब भी समाज के अंदर शिक्षा,खेल समन्धित होनहार प्रतिभा वंचितों को जरूरत के समय सहयोग प्रदान करते रहे हैं,कई बार आगे आकर सहयोग भी किया है।गहलोत का खेलों में हमेशा



सहयोग रहा।युवाओं को हमेशा आगे बढाने के लिए मार्गदर्शन ओर मोटिवेशनल भी करते रहते है। राजस्थान स्पोर्ट्स क्लब के प्रमुखों ने नरेन्द्र गहलोत को जर्सी स्पॉन्सर करने पर हार्दिक आभार ओर धन्यवाद प्रकट किया।आगे भी आपसे अपेक्षा है।जानकारी दुगाराम सीरवी ने दी।

# कलेक्टर ने सुदूर वनांचल के ग्राम पेटेचुवा के वन क्षेत्र में पहुँचकर मनरेगा अंतर्गत निमार्णाधीन चेकडेम का किया निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦

**बालोद/परस साहू।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज गुरूर विकासखण्ड के प्रवास के दौरान पगडंडी मार्ग से होते हुए सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य के ग्राम पेटेचुवा पहुँचकर वहाँ घने जंगलों के बीच बूढ़ाराव नाला में निमार्णाधीन चेकडेम का निरीक्षण किया। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के सहायक परियोजना अधिकारी श्री ओमप्रकाश साहू से निर्माण कार्य के प्रगति एवं चेकडेम के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली। सहायक परियोजना अधिकारी श्री साहू एवं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि





वर्तमान में बूढ़ाराव नाला में चेकडेम का निर्माण नही होने से यहाँ का पानी बड़ी नाली में बह जाती है। इसके साथ ही नाले के तेज बहाव के कारण बहुतायत में होने वाले मिट्टी कटाव से किसानों का खेत भी पट जाता है। किसानों ने बताया कि आसपास के खेतों को फसल उत्पादन के लिए समुचित मात्रा में पानी भी नही मिल पाता है। उन्होंने बताया कि इस चेकडेम के निर्माण हो जाने से किसानों को सिंचाई हेतु समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा समुचित मात्रा में पानी का प्रबंध होने से किसान खरीफ सीजन में धान के अलावा ग्रीष्मकालीन फसल के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसल का भी उत्पादन कर सकते हैं। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों को चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के पश्चात धान के अलावा दलहन, तिलहन एवं शाक-सब्जियों का भी उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के पश्चात इस स्थान पर उत्पादन में वृद्धि एवं किसानों के आय बढ़ाने हेतु सामूहिक खेती के भी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों को इस स्थान का विजिट कराकर इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी श्री ओपी साहू ने बताया कि इस चेकडेम निर्माण कार्य पूरा हो जाने से निचले हिस्से के खेतों के भूजल स्तर में वृद्धि हो जाने के साथ-साथ पर्याप्त नमी भी रहेगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत बड़भूम के सरपंच, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# परम पूज्य महर्षि महेष योगी जी की 108 वीं जयन्ती महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या में मनाया

♦भारत टाइम्स♦

**अयोध्या/प्रदीप कुमार श्रीवास्तव।** महर्षि महेष योगी जी को विश्व में भारत के बहुमुखी प्रतिभा के महानतम वैज्ञानिक संत के रूप में जाना जाता है। विश्व को दुःखों से मुक्ति दिलाने एवं आनन्दमय जीवन जीने के लिए भावातीत ध्यान योग की वैज्ञानिक सरल तकनीक से परिचित कराने के उनके अद्वितीय योगदान के कारण उनका नाम भारत की वैदिक संस्कृति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। महर्षि जी ने अपने गुरुदेव स्वामी ब्रहमानंद सरस्वती जी महाराज, शंकराचार्य बद्रीकाश्रम के आशीर्वाद से 60 के दशक में विश्व के सभी निवासियों को विषुद्ध वैदिक जान उपलब्ध कराने के उद्देष्य से विष्व भ्रमण प्रारम्भ किया तथा 700 से अधिक वैज्ञानिक षोधों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि यह अतुलनीय जान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास एवं आनंदमय जीवन के लिए लाभदायक एवं अनिवार्य है। शिक्षा के क्षेत्र में महर्षि जी के दैवीय आषीर्वाद से स्थापित की गयी संस्थाओं के अभूतपूर्व प्रयासों से आरतवर्ष में अनेक महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ, महर्षि विद्यामंदिर तथा विष्वविदगालों की स्थापना की गयी है, जिनके अन्तर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नियमित तथा पारम्परिक षिक्षा के साथ-साथ भावातीत ध्यान योग का भी नियमित अभ्यास कराया जाता है। महर्षि जी ने यह संकल्प लिया था कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म स्थान अयोध्या में एक अद्वितीय रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी चाहिए जिससे सम्पूर्ण विश्व को श्रीराम चरित मानस के ज्ञान से लाभान्वित किया जा सके। इस विष्वविद्यालय में रामायण के पात्री तथा प्रसंगों का विस्तृत अध्ययन एवं शोध किया जायेगा जिससे इस अद्भुत राज्य की समसामयिकता से सम्पूर्ण विश्व को परिचित कराया जा सके।

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से महर्षि महेष योगी विश्वविद्यालय की स्थापना अयोध्या जी में की जा रही है जिसके निमार्णाधीन प्रांगण में महर्षि जी की 108वीं जयन्ती मनायी जा रही है। इस विश्वविद्यालय के अतिरिक्त महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफारमेषन टेक्नालोजी की स्थापना, लखनऊ की जा चुकी है जिसके अन्तर्गत हजारों छात्र विभिन्न विषयों की पारम्परिक षिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ भावातीत ध्यान योग का भी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। महर्षि जी ने भारत के सनातन शास्वत वैदिक जाम यथा स्थापत्य विद्या, आयुर्वेद, गन्धर्व बेट इत्यादि तेद के चालीस क्षेत्रों से सम्पूर्ण विश्व को परिचित कराकर एक अदवितीय कार्य किया है जिसके लिए सम्पूर्ण विष्व उनका ऋणी है। इस विष्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं महर्षि संस्थान के अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव जी ने मौडिया कर्मियों को यह सूचित किया कि अयोध्या, जो भगवान श्रीराम जी की नगरी है, इस एतिहासिक पतित्र स्थान पर रामायण विष्तविद्यालय की स्थापना करना हमारे लिए अत्यन्त गर्व का विषय है। यह विश्वविद्यालय न सिर्फ भारतीय संस्कृति को समर्पित होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को रामायण के आदर्शों से जोड़ने काकाम करेगा। यह विष्वविद्यालय भारत की साँस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को सहेजने और रामायण के संदेष को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देष्य से स्थापित किया जा रहा है। कुलाधिपति जी के द्वारा यह भी बताया गया कि यह विश्वविद्यालय न केवल एक शैक्षणिक संस्थान है अपितु भारतीय संस्कृति, परम्परा और जीवन मूल्यों को संजोये रखने का एक अनोखा प्रयास है। भगवान श्रीराम जी के आदर्शो एवं रामायण के सिद्धान्तों को समर्पित यह विश्वविद्यालय आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, अनुसंधान एवं मूल्य आधारित शिक्षा का केन्द्र बनेगा। महर्षि जी का यह स्वप्न था और इस चात पर बल देते थे।

# इतिहास और विकास के संगम पर गोरखपुर महोत्सव का शुक्रवार से आगाज

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** गोरखपुर इतिहास और गवार्नुभूति कराने वाले विरासत से समृद्ध है तो बीते सात सालों से यहां का विकास नजीर पेश कर रहा है। इतिहास और विकास के संगम पर साल दर साल गोरखपुर की ब्रांडिंग का बड़ा मंच बन रहे गोरखपुर महोत्सव का इस वर्ष आगाज शुक्रवार (10 जनवरी) को हो रहा है। रामगढ़ताल के सामने स्थित चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे।

जबकि औपचारिक समापन समारोह में 12 जनवरी (रविवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव 16 जनवरी तक जारी रहेगा। बीते सालों की भांति इस साल भी गोरखपुर महोत्सव कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, मेधा, मनोरंजन और रोजगार का मंच देने के लिए तैयार है। गोरखपुर महोत्सव की खासियत यह भी है कि यह हाल के छह-सात सालों में गोरखपुर की विकसित पहचान को एक उत्सवी मंच दे रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से गोरखपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रगति की नई उड़ान भरी है।

कभी पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले इस जिले ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बेहतरीन रोड और एयर कनेक्टिविटी, खाद कारखाना, पिपराइच चीनी मिल, एम्स, रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, आयुष विश्वविद्यालय, चिड़ियाघर, वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स की सौगात पाने के साथ निखरे रामगढ़ताल की अगुवाई में एक नए टूरिस्ट सेंटर के रूप में भी ख्याति बटोर रहा है। विकास और रोजगार के साथ यहां की कला, संस्कृति भी लगातार संरक्षित और समृद्ध हुई है। इन सबको समेटते हुए गोरखपुर महोत्सव एक आईना के रूप में है। यह महोत्सव कला, संस्कृति, पर्यटन व रोजगार का भी सशक्त मंच बना है। गोरखपुर महोत्सव में पहले दिन के प्रमुख कार्यक्रम पर्यटन मंत्री द्वारा उद्घाटन : पूर्वाह्न 11 बजे। महाकुंभ आधारित विशेष लघु नाटक की प्रस्तुति मानवेन्द्र त्रिपाठी एवं टीम द्वारा अपराह्न 3 बजे से 3:30 बजे तक। सबरंग : अपराह्न 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक। जुबिन नौटियाल का बॉलीवुड नाइट : शाम 7 बजे से।